दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 17 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-237 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूख अब्दुल्ला के दिल में एक बार फिर पड़ोसी प्रेम जागा है। इस ठरकी ने बयान दिया है कि तब तक पाकिस्तान के साथ भारत के दोस्ताना ताल्लुकात नहीं कायम हो जाते तब तक हमारे देश में शांति कायम नहीं हो सकती। उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने भी अपने बाप के सुर में सुर मिलाते हुए पड़ौसी देशों से रिश्ते बेहतर करने की वकालत की है। महबूबा मुफ्ती तो पहले ही पाकिस्तान की प्रवक्ता बनी हुई है। पाकिस्तान की भाषा बोलने वाले ऐसे जयचंदो की जुबान पर लगाम लगाने कड़ी कार्यवाही जरूरी है।

न्याय के चार साल : ऋण माफी से मजबूत हुई किसानों की आर्थिक स्थिति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार गठन के एक घंटे के भीतर प्रदेश के किसानों के ऋण माफी की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा से ऐसे कृषक जो वर्षों से डिफाल्टर हो जाने के कारण ऋण नहीं ले पा रहे थे, उन्हें ऋण की पात्रता मिल गई। प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से 13 लाख 46 हजार 569 किसानों का 5261.43 करोड़ रूपए का ऋण माफ कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में पहला कदम बढ़ाया।

मुख्यमंत्री की पहल पर सहकारिता के क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड से इथेनॉल प्लांट की स्थापना, सम्पूर्ण देश में प्रथम उदाहरण है। इसके लिए सभी प्रक्रिया लॉक डाउन अवधि में सम्पादित की गई। प्रदेश के सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा में प्रथम इथेनॉल प्लांट की स्थापना पीपीपी मोड में करने के लिए इन्वेस्टर्स मीट आयोजित कर इच्छुक निवेशकों के पक्ष को चुना गया। इसके बाद आरएफक्यू, आरएफपी की प्रक्रिया पूर्ण कर निवेशक का चयन किया गया। चयनित निवेशक द्वारा 80 किलो लीटर प्रति दिन क्षमता (केएलपीडी) की क्षमता से कारखाना लगाया जा रहा है, जिससे कारखाने को प्रतिवर्ष 9.22 करोड़ रूपए लायसेंस फीस के रूप में प्राप्त होगा। चयनित संस्था और कारखाने के मध्य 29 दिसम्बर 2022 को अनुबंध निष्पादित किया गया। पीपीपी मॉडल इथेनॉल प्लांट की स्थापना देश में पहला उदाहरण है। इथेनॉल संयंत्र की स्थापना से क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि का आधार मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में राज्य बनने के बाद प्रदेश के चारों कारखानों से शक्कर के निर्यात के लिए प्रथम बार कार्रवाई की गई। चारों शक्कर कारखानों से 30.18 करोड़ रूपए की 14 हजार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जब तक नई बहाली व्यवस्था ना लागू हो जाए तब तक खाली रहेंगे जजों के पद : रिजिजू

नई दिल्ली। सरकार ने संसद में कहा है कि जजों की भारी कमी की वजह से ऊपरी अदालतों में लंबित मामलों की संख्या चिंता का विषय है लेकिन उनकी नियुक्ति के लिए जब तक कॉलेजियम प्रणाली की जगह नई व्यवस्था नहीं लागू हो जाती, तब तक इस मुद्दे का समाधान नहीं होगा।

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि जब तक जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बदलाव नहीं होता, उच्च न्यायिक रिक्तियों का मुद्दा उठता रहेगा। देश भर में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए न्यायिक रिक्तियों को जिम्मेदार ठहराते हुए, केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि सरकार के पास न्यायिक रिक्तियों को भरने की सीमित शक्ति है, हालांकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि वे गुणवत्तापूर्ण जजों के नामों की सिफारिश करें।

उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार और न्यायपालिका के बीच चल रहे मतभेद के बीच केंद्रीय कानून मंत्री के ये बयान आए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ सरकारी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों पर नाराजगी व्यक्त की है।

1 जनवरी तक अदालत बंद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि 17 दिसंबर से 1 जनवरी तक अदालत की कोई बेंच उपलब्ध नहीं रहेगी। इन दिनों में अदालत में सर्दियों की छुट्टी रहेगी। चीफजस्टिस यह ऐलान कानून मंत्री किरेन रिजिजू के उस बयान के ठीक बाद किया है, जिसमें उन्होंने अदालतों में लंबी छुट्टियों पर सवाल उठाया था। राज्यसभा में गुरुवार को किरेन रिजिजू ने कहा था कि लोगों में यह भावना है कि अदालतों में लंबी छुट्टियां होती हैं। इसके चलते न्याय की मांग करने वाले लोगों को परेशानी होती है। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों को संबोधित करते हुए चीफजस्टिस ने कहा कि 17 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच कोई बेंच उपलब्ध नहीं रहेगी। दो सप्ताह के विंटर ब्रेक से पहले सुप्रीम कोर्ट का आज आखिरी कार्य दिवस था। अब अदालात में 2 जनवरी से कामकाज शुरू होगा। जजों की छुट्टियों को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। हालांकि पूर्व चीफजस्टिस एनवी रमन्ना ने इन सवालों को खारिज कर करते हुए कहा था कि समाज में यह गलत धारणा है कि जज बहुत ज्यादा छुट्टी लेते हैं और एंजॉय करते हैं।

जजों की छुट्टियों पर कानून मंत्री के तंज के अगले ही दिन चीफ जस्टिस का ऐलान

चीन से तनाव के बीच पुतिन ने पीएम मोदी को लगाया फोन

■ कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। चीन के साथ जारी भारत के ताजा तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। क्रेमलिन ने इसकी जानकारी दी। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को जी-20 की भारत की मौजूदा अध्यक्षता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन की भारत की अध्यक्षता के दौरान दोनों देशों के एक साथ काम करने की भी उम्मीद की। वे एक-दूसरे के साथ नियमित संपर्क में रहने पर सहमत हुए। बता दें कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों नेता कई बार फोन पर बातचीत कर चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन वार्ता ऐसे समय में हुई है जब रूस ने यूक्रेन पर अपना हमला एक बार फिर से तेज कर दिया है।

रूस की भारत को बड़े जहाज पट्टे पर लेने में मदद की पेशकश: हाल ही में रूस ने जी-7 और उसके सहयोगियों द्वारा उसके (रूस के) कच्चे तेल के लिए मूल्य सीमा का समर्थन नहीं करने के भारत के फैसले का स्वागत किया था। इसके साथ ही रूस ने यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा बीमा सेवाओं और टैंकर को लेने की सुविधा पर रोक के बीच भारत को पट्टे पर बड़ा जहाज लेने के लिए सहयोग की पेशकश की है।

//-- सुविचार --//

ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करे बल्कि ध्यान भी लगाए। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

सूर्योदय

उदय : 6:41 प्रात:

अस्त : 5:19 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,005,703,971

भारत: 1,414,032,787

बाजार

सेंसेक्स : 61337.81

निफ्टी: 18269.00

गोल्ड : 54,380 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.39 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	31.2	18.6
बिलासपुर	30.0	17.1
जगदलपुर	31.7	17.8
अंबिकापुर	23.7	10.7

आज का दिवस

विश्व रोगी सुरक्षा दिवस

17 सितंबर को पूरी दुनिया में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करना है। इसके साथ ही रोगी सुरक्षा के बारे में समन्वय और कार्रवाई के साथ-साथ वैश्विक समझ बढ़ाना है। इस दिन का उद्देश्य रोगियों की बेहतर देखभाल और सुरक्षा के लिए देखभाल करने वालों, स्वास्थ्य कर्मियों और समुदायों को एक साथ लाना भी है। डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने 2019 में पहली बार विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया था। इसके बाद से हर साल 17 सितंबर को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा है।

अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट मैच की तैयारियां शुरू

■ मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 21 जनवरी 2023 को प्रस्तावित भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच अंतर्राष्ट्रीय वन-डे मैच की प्रशासकीय तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज मंत्रालय महानदी भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारी की बैठक ली। प्रस्तावित मैच का आयोजन बीसीसीआई एवं छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित किया जाना है। मैच नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

बैठक में स्टेडियम में अधोसंरचनात्मक व्यवस्थाओं, सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, रूट चार्ट, दिशा सूचक संकेत, स्टेडियम में साफ-सफाई, पेयजल, मोबाईल नेटवर्क और स्टेडियम तक पहुंच मार्गों पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सक दल व्यवस्था के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ही भाजपा को हराएगी, बिखरी नहीं हमारी पार्टी : राहुल

जयपुर (ए.)। राजस्थान के जयपुर में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ही एक दिन बीजेपी को हराने वाली है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''कांग्रेस बिखर गई, यह कहना गलत है। राजस्थान में कांग्रेस एकदम सही है। आने वाले समय में कांग्रेस ही भाजपा को हराएगी। भाजपा और आरएसएस का काम ही कांग्रेस को बदनाम करना है। हमारी विचारधारा भाजपा और आरएसएस के खिलाफ है।''

राहुल गांधी ने एक बार फिर से जानबूझकर उनकी छवि को खराब किए जाने की बात को दोहराया।

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के सौ दिन पूरे हुए

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के 100 दिन पूरे हो गए हैं और यात्रा अब भी जारी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसने लोगों से जुड़े मुद्दों को उजागर किया है। राहुल, वेणुगोपाल, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को यहां मीना उच्च न्यायालय से यात्रा के सुबह के चरण की शुरुआत की। पदयात्रियों के साथ कदमताल करते वेणुगोपाल ने कहा, ''भारत जोड़ो यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसके माध्यम से देश के आम लोगों से जुड़े मुद्दों को उजागर किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी की छवि को खराब करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश को भी हमने बर्बाद कर दिया है।''

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय पुरस्कार से फिर होगा सम्मानित

■ 'मोर मयारू गुरूजी' कार्यक्रम को 19 दिसम्बर को मिलेगा स्कोच अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को फिर एक बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संचालित मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली में 19 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में स्कोच अवार्ड (सिल्वर) से नवाजा जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम यह पुरस्कार ग्रहण करेंगी। स्कोच संस्था द्वारा नामांकन से लेकर अंतिम चरण तक लगभग 7 स्तरों पर चरणबद्ध तरीके से मूल्यांकन करने के बाद यह सम्मान दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम के माध्यम से आयोग ने प्रदेश के लगभग 2 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार में जहरीली से अब तक 65 मौतें

चौकीदार की भी जान गई

छपरा सीवान। बिहार में जहरीली शराब गरीबों पर कहर बनकर टूटी है। छपरा में शुक्रवार दोपहर तक कुल 60 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई है। पड़ोसी जिले सीवान में भी अब जहरीली शराब का कहर शुरू हो गया है, इस जिले में 5 लोगों की जान जाने की खबर है। बिहार में चार दिनों के भीतर 65 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो चुकी है। अभी कुछ लोग अस्पताल में भर्ती हैं। सीवान में ब्रह्मस्थान के चौकीदार की भी शराब से मौत हुई है। इसके अलावा सारण जिले के इसुआपुर के चौकीदार का बेटा भी मारा गया है।

खबर है कि शराबकांड के पीड़ित परिवारों पर दबाव बनाया जा रहा है। शवों को जलाने और पीड़ितों को डरा-धमकाकर मौत के आंकड़े छिपाए जा रहे हैं। जहरीली शराबकांड की जांच के लिए गठित एसआई ने 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

बिहार में जहरीली शराब से मौतों का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली। बिहार के छपरा और सीवान में जहरीली शराब से मौतों के मामलों की एसआईटी से जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है। बीते तीन दिनों में बिहार में जहरीली शराब पीने से 65 लोगों की मौत हो चुकी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष यह अर्जी पेश हुई और इसे तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए कहा गया। पीठ ने इस मामले का जिक्र करने वाले वकील पवन प्रकाश पाठक से कहा कि याचिकाकर्ता को मामले को सूचीबद्ध करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करना होगा।

1 मार्च से 12वीं और 2 से 10वीं की परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए बड़ी खबर है। बोर्ड एग्जाम के टाइम टेबल जारी कर दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरफ से शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक 1 मार्च से 12वीं और 2 मार्च 2023 से 10वीं की परीक्षा शुरू हो जाएगी।

गरमा-गरम

नोकझोंक... स्मृति ईरानी और अधीर रंजन में जमकर बहस

लोकसभा में सांसद को 'जेंटलमैन' कहने पर मचा बवाल

नई दिल्ली। लोकसभा में शुक्रवार को एक सांसद को 'जेंटलमैन' कहे जाने पर विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने एक सांसद को सदन में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले संबोधन 'माननीय सदस्य' के स्थान पर 'जेंटलमैन' कह दिया। इस पर कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने ईरानी की ओर से एमपी को 'जेंटलमैन' कहे जाने का विरोध किया। कांग्रेस के कुछ सदस्यों को उनका समर्थन करते देखा गया।

बीजू जनता दल के सांसद चंद्रशेखर साहू ने प्रश्नकाल के दौरान महिला और बाल विकास मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछा। इसका जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उन्हें 'जेंटलमैन' कहकर संबोधित किया। इस पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उक्त सांसद इस सदन के सदस्य हैं और इस तरह से 'जेंटलमैन' कहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मंत्री को 'माननीय सदस्य' कहना चाहिए।

'हंगामा करके लेना चाहते हैं शाबाशी'

इस मुद्दे पर बार-बार टोकाटोकी करने पर स्मृति ईरानी ने कहा कि ऐसा लगता है कि वह (अधीर रंजन) अपने राजनीतिक आकाओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं और सदन में हंगामा करके शाबाशी लेना चाहते हैं। मंत्री ने कहा, 'मैं इन जेंटलमैन (अधीर रंजन) को कहना चाहती हूं कि उन्हें जान लेना चाहिए कि उनकी बात उनके आकाओं तक पहुंच गई है।' इस दौरान निचले सदन में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी मौजूद थीं।

जब बीजू जनता दल के सांसद साहू ने दूसरा पूरक प्रश्न पूछा तब उन्होंने स्मृति ईरानी को 'माननीय मैडम' भी कहकर संबोधित किया। इसके बाद साहू के प्रश्न का उत्तर देते हुए ईरानी ने कहा कि माननीय जेंटलमैन से उन्हें सम्मानपूर्वक 'मैडम' कहकर संबोधित किया है, इसके लिए वह उनकी आभारी हैं।

पच्चीस वर्षों के लिए रोडमैप तैयार करने वाला होगा आम बजट : सीतारमण

वित्त मंत्री सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले वित्त वर्षों के बजट की तरह ही अगले वित्त वर्ष का आम बजट भी देश के लिए अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार करने वाला होगा। श्रीमती सीतारमण ने उद्योग संगठन फिक्की की 95वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि अगला बजट भी पहले के बजट की तरह ही होगा जो वर्ष 2047 में भारत में रहने वाले बच्चों के लिए देश को तैयार करने का रोडमैप होगा क्योंकि उस समय बच्चे अधिक विकसित भारत में रहने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि देश में विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत बनाये जाने के साथ ही सेवा क्षेत्र के नये क्षेत्रों में भी संभावनायें तलाशने की जरूरत है।

चाकू से हमला कर युवक को लूटा, तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। शराब खरीदने गया युवक का रास्ता रोक कर चाकू की नोक पर नकदी 1500 रुपए सहित मोबाइल लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी नगर निवासी प्रार्थी गिरिश दुबे 43 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह शराब खरीदने लालपुर स्थित शराब दुकान गया था, जहां आरोपी वासुदेव निषाद 22 वर्ष, भूपेन्द्र निषाद व अन्य ने प्रार्थी का रास्ता रोककर जबरन चाकू से हमला कर प्रार्थी के जेब से नकदी 1500 रुपए और मोबाइल लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 307, 397, 398, 34 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो बाइक पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मंडी गेट निवासी प्रार्थी देवव्रत राव 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 एनजे 9566 को घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामले में कैलाश नगर बीरगांव निवासी प्रार्थी राकेश कुमार पांडे 44 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएफ 3332 को रावाभाठा पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। बसंत पान पैलेस के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग काय कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चेतन कुमार साहू 25 वर्ष ग्राम बदनारा जिला बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनए 1368 से कहीं जा रहा था तभी बसंत पान पैलेस के पास महतारी चौक के पास चेतन कुमार बाइक से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़ी टीवीएस एक्सल को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा कर गिर गया। जिससे चेतन गंभीर श्रपए से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पैसे के लेन देन को लेकर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। संतोषी नगर स्थित आर्य समाज कार्यालय के पास उधार पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गौसिया मदरसा के पास संतोषी नगर निवासी प्रार्थी अतिक खान 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह आर्य समाज कार्यालय के पास खड़ा था, तभी आरोपी अब्दुल रहमान ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर बेसबाल से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अधेड़ को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश।ग्राम कुरूद स्थित मोनेट प्लांट के पास एक युवक ने अधेड़ से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीरामनगर मंदिरहसौद निवासी प्रार्थी कमलेश दुबे 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया वह अपने दोस्त के साथ बात करते हुए हंस रहा था। तभी आरोपी लोकेश सिन्हा किसे देख कर हंस रहे हो कहते हुए प्रार्थी से गाली-गलौज कर रॉड से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकातय पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुद्वारा के पास हीरापुर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने के जेवर सहित नकदी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हीरापुर कबीरनगर निवासी प्रार्थी नवदीप सिंह 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके चाचा के सूने मकान एलआईजी 321 का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने के जेवर व नकदी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक पर कैंची से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम तुलसी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर कैंची से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तुलसी निवासी प्रार्थी डिगेन्द्र धीवर 18 वर्ष अपने दोस्तों के साथ आग ताप रहा था, तभी आरोपी भावेश बंजारे 20 वर्ष ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सौर सुजला योजना से विद्युत की निर्भरता हुई खत्म फसलों में बढ़ोतरी के साथ आमदनी हुई दुगुनी

■ **आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे किसान, अब वर्षभर हो रही खेती**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयासों के तहत किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से सोलर सिंचाई पम्प लगाने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इस दिशा में तेजी से काम हुआ और हाल ही में देश में सर्वाधिक सोलर पम्प स्थापित करने और ऊर्जा संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सोलर एनर्जी से कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने के प्रयासों के साथ क्रेड़ा द्वारा सोलर विद्युत केन्द्र, सोलर लाइट, वनांचलों के गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने में भी सोलर पम्पों का उपयोग किया जा रहा है, जल जीवन मिशन सहित राज्य शासन की योजना के तहत प्रदेश में 10 हजार 629 सोलर पम्प स्थापित कर 4 लाख 80 हजार से अधिक परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। सौर सुजला योजना से कोरिया जिले के दुर्गम क्षेत्रों तक भी किसानों के खेतों में फसल लहलहा रही है। जिले में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा प्राप्त सोलर पम्पों से सिंचाई आसान हुई है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 6 फेस में कुल 2,432 सोलर सिंचाई पम्प लगाए गए हैं। विकासखण्ड सोनहत के ग्राम सलगवां के किसान सुखराज बताते हैं कि उनके पास 1.5 एकड़ कृषि योग्य भूमि है, पहले वे सीजन में ही मक्का, सरसों जैसी फसल लगा पाते थे, क्योंकि नल तथा वर्षाजल के माध्यम से पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पाती थी, लेकिन वर्ष 2020 में 3 एचपी का सोलर पम्प लग जाने से अब पूरे वर्ष खेतों में हरियाली रहती है, जिससे वे बहुत खुश हैं।

इसी तरह 1.97 एकड़ में धान, गेंहू, चना तथा सब्जी की खेती कर रहे ग्राम कैलाशपुर के रामकुमार बताते हैं कि सोलर पम्प लगने से पहले खेतों में केवल धान ही लगा पाते थे, अब अच्छी खेती से लाभ भी अच्छा हो रहा है। इसी प्रकार गांव के ही किसान इंद्रपाल सोलर पम्प से सिंचाई में हुए लाभ को बताते हुए कहते हैं कि पहले पानी की कमी के कारण पूरे खेत में सब्जियां लगाना मुश्किल था, लेकिन अब पूरे 1.5 एकड़ में सब्जियां लग रहीं हैं, जिससे पूरा परिवार बहुत खुश है।

रायगढ़ जिले के 2500 से अधिक हितग्राहियों ने उठाया सौर सुजला योजना का लाभ रायगढ़ जिला मुख्यतः कृषि प्रधान है, जहां वर्षा आधारित कृषि की जाती है, ऐसे में खेतों तक विद्युत विस्तार करना किसानों के लिए भी खर्चीला सौदा साबित होता है। जिसके कारण किसानों को खरीफ की फसलों में वर्षा की लेट लतीफी होने से काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं पानी की दिक्कतों से किसान रबी फसल नहीं ले पाते थे, लिहाजा दोनों फसलों में आर्थिक नुकसान की आशंका किसानों को बनी रहती है। इसी समस्या को देखते हुए शासन द्वारा सौर सुजला योजना प्रारंभ किया गया। सौर सुजला योजना से आज जिले के प्रगतिशील किसान रबी एवं खरीफ दोनों फसलों को बिना परेशानी के ले पा रहे है, जिससे उत्पादन के साथ उनकी आमदनी भी बढ़ी है।

रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडो में हितग्राही चारागाह एवं गोठान में सौर सुजला योजना अन्तर्गत 2500 से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। इन सभी जगहों पर पानी की समस्या खत्म होने से सभी प्रकार के कृषि,सब्जी उत्पादन के साथ अन्य कार्य सुचारु तरीके से किया जा रहा है। किसान धान के साथ सब्जी फसल भी ले रहे है, जिससे उन्हे अतरिक्त लाभ प्राप्त हो रहा है। धरमजयगढ़ पेलमा निवासी श्री सुरेश राठिया ने बताया कि पहले खरीफ की फसल आसानी से हो जाती थी, लेकिन पानी की समस्या के कारण रबी की फसल लेने में दिक्कत होती थी। ऐन वक्त में बिजली की समस्या भी आ जाती थी, लेकिन अब सौलर पंप लगने से बिजली और बिल दोनों की समस्या खत्म हो गई।

सात सिंचाई योजनाओं के लिए 39.53 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की सात विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 39 करोड़ 53 लाख 73 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। सिंचाई योजनाओं के पूरा होने से 1 हजार 927 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। दंतेवाड़ा जिले के विकासखण्ड-दंतेवाड़ा की गंजेनार एनीकट कार्य के लिए 2 करोड़ 55 लाख 82 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 70 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-गीदम की कारली जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 2 करोड़ 36 लाख 2 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-गीदम नाला व्यपवर्तन योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 2 करोड़ 61 लाख 43 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 162 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बस्तर जिले के विकासखण्ड-लोहाण्डीगुड़ा की इंद्रावती नदी पर चित्रकोट फाल के नीचे करेकोट में एनीकट सह पुलिया निर्माण कार्य के लिए 22 करोड़ 40 लाख 28 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 890 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बस्तर की कोसारटेडा मध्यम सिंचाई जलाशय परियोजना के अंतर्गत भानपुरी सिंचाई कॉलोनी में स्थित कार्यालय भवन, रहवासी भवन, निरीक्षण गृह निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 60 लाख 11 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। विकासखण्ड-बस्तर की कोसारटेडा मध्यम सिंचाई जलाशय परियोजना के मुख्य बांध का रिसेक्शनिंग कार्य एवं टरफिंग कार्य, पिंचिंग सुधार एवं उन्नयन कार्य के लिए 3 करोड़ 65 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। विकासखण्ड-जगदलपुर की कुम्हरावण्ड उद्वहन सिंचाई योजना के नहर लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 35 लाख 7 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 705 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

सरकार के चार साल पर विपक्षी तंज, शांति का टापू अपराध का गढ़ बना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के चार साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेसवार्ता में कहा, इतिहास में सबसे ज्यादा असफल और अलोकप्रिय सरकार भूपेश बघेल की सरकार है। अब ईडी और सीडी छत्तीसगढ़ की पहचान बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में योजनाएं सिर्फ भ्रष्टाचार के लिए, विकास के काम सिर्फविज्ञापन के लिए किए जा रहे हैं। रमन सिंह ने कहा कि सवाल तो पूछे जाएंगे, जवाब तो देना होगा। 36 वादों का क्या हुआ, किस स्थिति में प्रदेश को छोड़ा है। अब सरकार गौरव दिवस मना रही है। उन्होंने कहा, शांति का टापू छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। 15 साल तक प्रदेश में शांति थी, अब लोग ठगे से महसूस कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ गर्त में जा रहा है। दुष्कर्म में प्रदेश में छठवें स्थान पर है, ये उपलब्धि है। बिलासपुर में कांग्रेस नेता की हत्या हुई, दिनदहाड़े गोली मार दी गई। ये है गौरव दिवस? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार कहती है कि हमने 36 में से 35 वादे पूरे कर दिए लेकिन पूरे प्रदेश में आंदोलन चल रहा है। सरकार के चार साल पूरे होने के बाद भी किसानों को दो साल का बोनस नहीं मिला। रमन सिंह ने तंज कसते हुए कहा, 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के चार साल पूरे हो रहे हैं, मगर जो कीर्तिमान स्थापित हुई है, उसमें, हत्या, डकैती और लूट हो रही हैद्य किसानों से दो महीने का अतिरिक्त बिजली बिल वसूल रहे हैं।सरकार ने जन घोषणा पत्र के वादों को पूरा नहीं किया।

एक करोड़ की आयुष्मान प्रोत्साहन राशि के आवंटन में गड़बड़ी, 99 करोड़ के आवंटन में भ्रष्टाचार की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में आयुष्मान भारत योजना में 200 करोड़ रुपये के घोटाले के बाद छत्तीसगढ़ में भी गड़बड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कोरिया जिले में एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि के आवंटन में गड़बड़ी की जांच शुरू हो चुकी है। वहीं प्रदेश में अब तक बांटी गई 99 करोड़ की प्रोत्साहन राशि में भ्रष्टाचार की आंशका को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की गई है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने गड़बड़ी को लेकर राज्य स्तर पर जांच के आदेश दिए हैं। गड़बड़ी कोरिया जिले के खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से शुरू हुई। सीएमएचओ डा. आरएस सेंगर ने बताया कि पांच माह पूर्व जीवनदीप समिति के कर्मचारी से शिकायत मिली कि अस्पताल में जो कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं, उन्हें और कई कर्मचारियों के स्वजन के खाते में पैसे डाले जा रहे हैं।

सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। महिला चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर द्वारा डॉ. नीता कंवर, डॉ. पारुल कांवड़िया, डॉ. पृथा पाण्डे, डॉ. अंजू बिसेन, के सानिध्य में कल दिनांक 15-12-2022 को कंवर नर्सिंग होम में सर्वाइकल कैंसर प्रति जागरूकता एवं निःशुल्क जाँच हेतु शिविर का आयोजन जिसमे 60-70 से अधिक महिलाओं ने निःशुल्क उपचार एवं जाँच कराकर लाभ उठाया। शिविर में डॉ. अंजू बिसेन, डॉ. पृथा पाण्डे ने महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कर उनका सामान्य चेकअप किया तत्पश्चात डॉ. नीता कंवर एवं डॉ. पारुल कांवड़िया द्वारा महिलाओं की जाँच कर रिपोर्ट पैथोलॉजी लैब भेजी गई जहाँ से 4 दिन बाद समस्त महिलाओं के रिपोर्ट के आधार पर उनकी काउन्सलिंग की जाएगी। डॉ. नीता कंवर ने बताया कि आरंभ में सर्वाइकल कैंसर के लक्षण बहुत ही मामूली होते हैं जिसे महिलायें बहुत आसानी से नजरअंदाज कर देती है।



न्यूज गैलरी

संगम प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी समिति का निर्वाचन कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। छ.ग. राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार श्री डी.के.पाटिल को संगम प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार सहकारी सोसायटी मर्या. भक्त कंवर राम नगर वार्ड 05, विकासखण्ड बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. का रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 21 दिसम्बर को नियोजन पत्र की प्राप्ति, 29 दिसम्बर को नियोजन पत्र की जांच, आमसभा, मतदान एवं मतगणना, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की बैठक सूचना जारी करना, 7 जनवरी 2023 को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन सम्पन्न कराया जाएगा।

गुरू घासीदास जयंती पर कल बंद रहेगी मदिरा दुकानें

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर 2022 को जिले की तमाम मदिरा दुकानें बंद रहेगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने इस आशय के आदेश जारी किए है। उन्होंने आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को बंद का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए है। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित लोगों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारी, कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का पालन करें : कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा 12 दिसम्बर 2022 को त्रिस्तरीय उप निर्वाचन 2022-23 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है तथा कार्यक्रम जारी होने के साथ-साथ संबंधित निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावशील हो गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा सभी विभागों, कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

होर्डिंग्स लगाने की अनुमति देंगे अनुविभागीय दण्डाधिकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 अंतर्गत 12 दिसम्बर 2022 से प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के दौरान जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने हेतु अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नियमानुसार अनुमति देने के लिए संबंधित ग्रामीण क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है।

बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जा सकेंगे अधिकारी, कर्मचारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022-23 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने तक सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों तथा राज्य शासन के उपक्रमों के अधिकारियों, कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित कर दिए गए है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अधिकारी, कर्मचारीगण बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय परित्याग नहीं करेंगे। किसी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने एवं बिना अनुमति के मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख या कार्यालय प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

जिला मुख्यालय में बिना अनुमति अवकाश प्रतिबंधित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका उप निर्वाचन 2022-23 हेतु कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले के नगरीय निकाय के वार्ड क्रं. 16 विष्णु नगर, बिलासपुर में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। जिसके मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर कलेक्टर श्री सौरभ कुमार द्वारा नगर पालिका उप निर्वाचन 2022-23 की प्रक्रिया समाप्त होने तक जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों तथा राज्य शासन के उपक्रमों के अधिकारियों, कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालयों के कोई अधिकारी एवं कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नही करेंगे तथा मुख्यालय परित्याग नही करेंगे। किसी अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने एवं बिना अनुमति के मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

जिला स्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 22 दिसम्बर 2022 को कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

अवैध संबंध के शक में युवक ने प्रिंसिपल के सिर पर हथौड़ा मारकर की हत्या

गर्लफ्रेंड से अवैध संबंध के शक में युवक ने घर में घुसकर किया हमला, फिर किया सरेंडर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दिनदहाड़े गोलीकांड का मामला अभी शांत नहीं हुआ है कि गुरुवार की रात एक युवक ने प्रिंसिपल की हत्या कर दी। युवक को शक था कि उसकी गर्लफ्रेंड से प्रिंसिपल का अवैध संबंध है। इसी शक के चलते उसने हत्या की प्लानिंग की और घर में घुसकर प्रिंसिपल के सिर पर पहले हथौड़े से चार बार वार किया। इसके बाद भी युवक को लगा कि उसकी मौत नहीं हुई, तब उसने सिर में गमला पटक दिया और जाते-जाते गले में ब्लैड मार दिया। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।

लिंक रोड निराला नगर के यश बैंक वाली गली में रहने वाले प्रदीप श्रीवास्तव (62) पचपेड़ी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी अनिता श्रीवास्तव भी तिफरा के परसदा स्थित हाईस्कूल में प्राचार्य हैं। घर में दोनों पति-पत्नी रहते थे और दो बच्चे शहर से बाहर रहकर पढ़ाई करते हैं। गुरुवार की रात उनकी पत्नी घर के ऊपरी मंजिल में थीं। उस समय प्रदीप श्रीवास्तव पोर्च के पास थे। तभी किसी अनजान युवक ने उनके सिर में हमला कर दिया। विवाद होने की आवाज सुनकर सामने रहने वाले दीपक अग्रवाल की मां और भाई बाहर निकले। लेकिन, तब तक हमलावर भाग गया था और प्रदीप श्रीवास्तव पोर्च में खून से लथपथ पड़े थे।

पड़ोसी ने पुलिस को दी घटना की जानकारी

इस घटना की जानकारी होने के बाद दीपक अग्रवाल भी वहां पहुंच गया। उसने आनन-फानन में पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस दौरान प्रदीप की पत्नी ऊपरी मंजिल में थी। तब उन्हें इस घटना की जानकारी ही नहीं थी। दीपक को लगा कि उन्हें बंधक बना लिया गया है। लिहाजा, उसने तत्काल पुलिस और संजीवनी 108 को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तब तक उनकी पत्नी नीचे आ गई थीं। पुलिसकर्मियों के साथ दीपक ने बाजू की दीवार से कूदकर गेट का ताला खोला। लेकिन, तब तक प्रदीप श्रीवास्तव की मौत हो चुकी थी। हत्या की खबर मिलते ही सिविल लाइन सीएसपी संदीप पटेल, टीआई मनोज नायक भी मौके पर पहुंच गए।

पड़ोसियों को लगा कि पीछे से आए हमलावर

हत्या की इस वारदात के बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर हत्यारे की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पता चला कि प्रदीप श्रीवास्तव के घर के पीछे दीवार से लगा हुआ सड़क है। ऐसे में पड़ोसियों ने आशंका जताई कि हमलावर युवक पीछे के रास्ते से आया था और हत्या के बाद उसी रास्ते से फरार हो गया।

जमीन पर संदेहियों की जानकारी जुटाती रही पुलिस

इस घटना के बाद पुलिस की पूछताछ में मृतक प्रदीप के बड़े भाई अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी मां गायत्री देवी के नाम पर पैतृक जमीन है और बाजू की जमीन भी उनके ही नाम पर है, जिस पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने जमीन विवाद के चलते हत्या के संदेही युवक को भी पकड़ लिया था। लेकिन, उससे पूछताछ में पता चला कि वारदात में वह शामिल नहीं है।

शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने धारा 144 लागू

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका उप निर्वाचन 2022-23 हेतु 12 दिसम्बर 2022 को निर्वाचन कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले की नगरीय निकाय वार्ड क्र. 16 विष्णु नगर में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। जिले की नगरीय निकाय वार्ड क्र. 16 विष्णु नगर बिलासपुर में लोक-परिशांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रकिया एवं मतदान निर्विघ्न, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबन्धात्मक उपाय आवश्यक है।

जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार के आदेशानुसार बिलासपुर जिले की नगरीय निकाय वार्ड क्र. 16 विष्णु नगर, बिलासपुर की सीमा क्षेत्र के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दूक, राईफल, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य के सम्पादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव या मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है। आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति अथवा दल भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए इस आदेश के संबंध में, संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर, सुनवाई सम्यक के रूप से सम्भव नहीं है। अतः यह आदेश एकपक्षीय पारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा निर्वाचन प्रकिया समाप्त होने तक की अवधि के लिए पैरा एक में वर्णित जिले की नगरीय निकाय वार्ड क्र. 16 विष्णु नगर, बिलासपुर की सीमा में प्रभावशील रहेगा।

पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) बिलासपुर द्वारा जिले की त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2022-23 हेतु जनपद पंचायतों में रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत तखतपुर के लिए तहसीलदार तखतपुर श्री शशांक शेखर शुक्ला को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तखतपुर श्री हिमांशु गुप्ता, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत मस्तूरी के लिए तहसीलदार मस्तूरी श्री अभिषेक राठौर को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मस्तूरी श्री कुमार सिंह लहरे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत बिल्हा के लिए तहसीलदार बिल्हा श्री शिवम पाण्डेय को रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिल्हा श्री बी.आर.वर्मा, को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

संबंधित ग्रामों में प्रतिबन्धात्मक आदर्श अचार संहिता लागू

बिलासपुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय उप निर्वाचन 2022-23 हेतु निवार्चन कार्यक्रम जारी करने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श संहिता आचरण प्रभावशील हो गई है। संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में लोक परिशांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रकिया एवं मतदान निर्विघ्न, शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने के लिए इन क्षेत्रों में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी की गई है।

जिले के जनपद पंचायत तखतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जूनापारा में सरपंच एवं ग्राम पोड़ीकला, दर्री, निरतु, बेलपान में ग्राम के वार्ड के पंच पद का उप निर्वाचन किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड मस्तूरी में ग्राम पंचायत जयराम नगर में सरपंच एवं जयराम नगर, जोंधरा, कुकुदा, रैल्हा एवं शिवटिकारी में वार्ड पंच का उप निर्वाचन होगा।

जनपद पंचायत बिल्हा में ग्राम पंचायत पेण्डरवा, भरारी में सरपंच तथा रहंगी, उच्चभट्ठी, भरवीडीह में वार्ड पंच का उप निर्वाचन होगा। जनपद पंचायत कोटा में ग्राम पंचायत कलमीटार में सरपंच और दारसागर, धनरास, सेमरिया, कुरदर, खोंगसरा, कोंनचरा, लमकेना, लालपुर, पोडी म और करहीकछार में वार्ड पंच का उप निर्वाचन होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा इन सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र में दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया गया है। जिसके तहत संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों की सीमा के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार, घातक अस्त्र शस्त्र, विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा।

कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय पथरिया का औचक निरीक्षण

- कार्य में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार को शोकाज नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आज तहसील कार्यालय पथरिया का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान तहसील कार्यालय के विभिन्न कक्षों में राजस्व संबंधी विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी राजस्व संबंधी समस्या लेकर दूर-दूर से कार्यालय पहुंचते हैं। उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण निर्धारित समय सीमा में करें। कलेक्टर ने कार्यालय पहुंचे आमजनों की समस्याएं भी सुनीं। वहीं एक व्यक्ति द्वारा एक माह पूर्व जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन सौंपने के बाद भी उक्त प्रकरण के लंबित होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और तहसीलदार को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों के संबंध में आमजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में आधार अपडेशन कार्य की भी जानकारी ली। वहीं कलेक्टर ने एसडीएम पथरिया को समय-समय पर संबंधित तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रकबा समस्या का कराया निराकरण

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में अपने समक्ष ग्राम कुआंगांव के किसान फलित राम और ग्राम मदवानी के किसान बसंत कुमार के रकबा संबंधी समस्या का निराकरण कराया। किसानों ने उनकी रकबा संबंधी समस्या के निराकरण होने पर कलेक्टर को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री तीर्थराज अग्रवाल, एसडीएम प्रिया गोयल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर और एसपी ने ग्राम पेण्ड्री में लगाई चैपाल

- ग्रामीणों से ली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी
- पहली बार किसी कलेक्टर को अपने गांव में देखकर खुश हुए ग्रामीण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आज पथरिया विकासखण्ड के ग्राम पेण्ड्री (स.) में चैपाल लगाई। इस दौरान कलेक्टर ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि हम आपके गांव आप लोगों की समस्या जानने आए हैं। यदि कोई समस्या हो तो जरूर बताएं। उन्होंने ग्रामीणों से गांव में पेयजल सुविधा, पात्र हितग्राहियों को राशन, सामाजिक पेंशन, शौचालय, बिजली, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्रामसेवक और शिक्षकों की स्कूल में उपस्थिति आदि की जानकारी ली। कलेक्टर और एसपी को अपने बीच पाकर ग्रामीण काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लंबित राशि भुगतान, शासकीय उचित मूल्य दुकान हेतु भवन निर्माण, जमीन रिकार्ड दुरूस्तीकरण, स्कूल में शिक्षकों की कमी को दूर करने संबंधी आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को प्राप्त आवेदनों पर जांच उपरांत नियमानुसार निराकरण का भरोसा दिलाया। छत्तीसगढ़ी भाषा में बात करते हुए कलेक्टर के सरल और सहज स्वभाव देखकर ग्रामीण काफी खुश नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार किसी कलेक्टर का हमारे गांव में आना हुआ है, जो आकर हमारी सुध ले रहे हैं।

कलेक्टर ने पटवारी को ग्राम में प्रत्येक बुधवार को उपस्थित होकर ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्या का निराकरण करने, ग्रामसेवक को किसानों को मांग अनुरूप बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने किसानों से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के संबंध में चर्चा की और कहा कि रकबा में त्रुटि के कारण यदि धान विक्रय में दिक्कत आ रही हो तो तहसील कार्यालय जाकर त्रुटिसुधार करा लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप सभी पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जाएगा। कलेक्टर ने 05 लाख रूपए तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा हेतु ग्रामीणों को आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना प्रारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें नियमित रूप से अभ्यास का अवसर उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल एवं छत्तीसगढ़ में स्थानीय स्तर पर प्रचलित खेलों के लिए खेल सामग्री और खेल उपकरण प्रदान किया जाएगा। इस हेतु कलेक्टर श्री राहुल देव द्वारा राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें नियमित रूप से अभ्यास का अवसर उपलब्ध कराने हेतु जिले के 09 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें विकासखण्ड मुंगेली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकरभाठा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दाबो, विकासखण्ड पथरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलदहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ियाईन और विकासखण्ड लोरमी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़खाम्ही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंडौरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरिया शामिल हैं।

कलेक्टर ने किया जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जनपद पंचायत कार्यालय पथरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के लंबित किश्त की राशि का भुगतान, राशनकार्ड, 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों के अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि भुगतान के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। वहीं राशनकार्ड के कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारी और सहायक ग्रेड 03 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के नियमानुसार सभी पात्र हिताग्रहियों को राशनकार्ड जारी करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और राशि भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के सभी हितग्राहियों का आधार बैंक से लिंक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के कार्यों को भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

नगर पालिका उप निर्वाचन 2022-23

कलेक्टर ने रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगाया प्रतिबंध

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका उप निर्वाचन 2022-23 हेतु 12 दिसम्बर 2022-23 को निर्वाचन कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले के नगरीय निकाय वार्ड क्रमांक 16, विष्णु नगर में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है।

निर्वाचन के दौरान सभी राजनैतिक दलों, उनके कार्यकर्ताओं तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्तियों द्वारा अपने दल के प्रचार -प्रसार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाता है। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न केवल स्थायी मंच से होता है वरन् वाहनों यथा जीप, कार, ट्रक, टेम्पो, तीन पहियां वाहनों, स्कूटर, सायकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी सड़कों, गलियों, उपगलियों पर चलते है और बस्तियों मोहल्लों एवं कालोनियों से बहुत ऊंची आवाज पर लाउड स्पीकर से प्रसारण करते हुए जाते है। लाउड स्पीकर के ऊंची आवाज के प्रयोग से विद्यार्थी वर्ग गंभीर रूप से अशान्त हो जाते है क्योंकि इससे उनका अध्ययन बाधित होता है। लाउडस्पीकर पर अबाध्य रूप से किए जाने वाले शोर-गुल से वृद्ध, दुर्बल व्यक्ति को चाहे व किसी चिकित्सालय, संस्था, घर में हो बहुत परेशानी होती है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के वार्ड क्र.16 विष्णु नगर, बिलासपुर सीमा के अंतर्गत आते है, रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए वाहनों एवं चुनावी सभाओं में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म कें होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जाएंगे। लोक शांति को देखते हुए लंबे चोंगे वाले लाउड स्पीकर का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। वाहनों एवं चुनावी साभाओं में एक से अधिक लाउडस्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। चुनावी सभाओं एवं प्रचार प्रसार करने के लिए वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी बिलासपुर से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिले में वार्ड क्र.16 विष्णु नगर क्षेत्र में प्रात 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर सामान्यतः किया जा सकता है परंतु शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगर पालिका परिसर, जनपद पंचायत एवं अन्य स्थानीय निकाय कार्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, दूरभाष केंद्र आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध 12 दिसम्बर 2022 से चुनाव प्रकिया समापन तिथि तक जिले के नगरीय निकाय वार्ड क्र. 16 विष्णु नगर क्षेत्र की सीमा में प्रभावशील रहेगा।

जिला अस्पताल में रेडक्रास की दवाई दुकान का शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। नयी साज-सज्जा के साथ भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित दवाई दुकान जिला अस्पताल परिसर में शुरू हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान एवं कलेक्टर श्री सौरभकुमार ने फीता काटकर दवाई दुकान का शुभारंभ किया। चौबीसों घण्टे यहां किफायती दर पर सब प्रकार की दवाईयां मिलेगी। कोरोना काल में लगभग ढाई साल तक यह दुकान बंद थी। कलेक्टर एवं रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष श्री सौरभकुमार के प्रयासों से आम मरीजों के हित में फिर से शुरू हुई। सोसायटी द्वारा बिलासपुर में संचालित यह चौथी दुवाई दुकान है। जेनेरिक एवं ब्राण्डेड दोनों प्रकार की दवाईयां यहां उपलब्ध होंगी। विभिन्न दवाईयों पर 5 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। श्री

चौहान एवं कलेक्टर सौरभ कुमार ने दवाईयां खरीदकर दुकान में बोहनी भी की। अस्पताल परिसर में उन्होंने पौधे भी लगाये। सोसायटी के जिला समन्वयक श्री सौरभ सक्सेना ने रेडक्रास सोसायटी की सेवा गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अनिल श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता, जेल अधीक्षक खोमेश मण्डावी सहित सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य एन.एस.गौतम, बीसी गोयल, राजीव अवस्थी, दुकान के प्रभारी आदित्य पाण्डे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

संपादकीय

संयुक्त राष्ट्र में पाक फिर बेनकाब

संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक बार फिर पड़ौसी देश पाकिस्तान ने बेसुरा कश्मीर राग अलापा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टों ने कश्मीर की समस्या उठाते हुए भारत के खिलाफ जहर उगला, यहां तक कि उन्होने भारतीय प्रधानमंत्री के बारे में भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। जिसका भारतीय विदेश मंत्री एस. शिवशंकर ने न सिर्फ करारा जवाब दिया बल्कि पाकिस्तान को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में बेनकाब कर के बिलावल भुट्टों की बोलती बंद कर दी। भारतीय विदेश मंत्री एस. शिवशंकर ने आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि मुंबई हमले के मास्टर माइंड कुख्यात आतंकवादी हाफिज सइद जैसे अनेकों अतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे है। वैश्विक दबाव पड़ने के बाद हाफिज सइद को दिखावे के लिए कुछ दिनों तक हिरासत में रखा जाता है फिर उसे छोड़ दिया जाता है। एस शिवशंकर ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड नहीं हो सकते क्योंकि आतंकवाद की कोई सीमा नहीं है। भारत अब 26/11 जैसे आतंकी हमले नहीं होने देगा और आतंकवाद के खिलाफ अपनी कार्यवाही और तेज करेगा। उन्होने सारी दुनिया से आव्हान किया है कि आतंकवाद के खिलाफ सभी को एकजुट होना होगा तभी आतंकवाद को सफाया हो पाएगा। भारत ने पूरी दमदारी के साथ अपनी बात रखी और आतंकवाद का पर्याय बन चुके पाकिस्तान को आईना भी दिखाया। अपने निर्माण के बाद से ही मजहब को आधार पर भारत से नफरत करने वाला पाकिस्तान हमेशा से आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के खिलाफकरता रहा है और एक नाकाम मुल्क बन चुके पाकिस्तान के नेता हमेशा से भारत और भारतीय नेताओं के खिलाफअपशब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं। खासकर पीएम मोदी के खिलाफपाकिस्तानी नेताओं ने हमेशा से मर्यादा लांघी है। पूर्व पाकिस्तानी पीएम इमरान खान भी पीएम मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करते रहते थे और अब पाकिस्तान के मौजूदा विदेश मंत्री विलावल भुट्टो ने भी पीएम मोदी के खिलाफ राजनीतिक मर्यादाओं को लांघ दिया है। यूनाइटेड नेशंस में ओसामा बिन लादेन के नाम पर भारतीय विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने एक बार फिर से बेनकाब किया था, जिसके बाद बिलावल भुट्टो बिलबला गये और उन्होंने न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए गुजरात दंगे का जिक्र किया और उन्होंने पीएम मोदी के खिलाफ काफी अमर्यादित टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार हिटलर से प्रभावित है। इसके साथ ही सदियों से आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान ने पिछले एक हफ्ते से आतंकवाद के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराने का नया राग अलापना शुरू किया है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अफगान तालिबान के हाथों बुरी तरह से मार खाने वाले पाकिस्तान ने अब इसके लिए भारत को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि, ÷पाकिस्तान में आतंकवादी तत्वों को पड़ोसी देश से समर्थन मिल रहा है÷। उन्होंने कहा कि, ÷विदेशी तत्व सक्रिय रूप से बलूचिस्तान में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

न्याय के चार साल में प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण पर काम

एल.डी. मानिकपुरी

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण करते हुए आम लोगों को जो राहत दी है वह काबिले तारीफहै। मुख्मयंत्री बने महज 14 माह ही हुए थे कि अंचल की बहुप्रतीक्षित मांग व सपने को पूरा करते हुए 'गौरेला-पेंड्रा-मरवाही' को फरवरी 2020 में जिला बनाकर एक इतिहास रच दिया। इस तरह जीपीएम (गौरेला-पेंड्रा-मरवाही) जिला बनने से करीब साढ़े तीन लाख लोगों को शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यों, जरूरतों को पूरा करने के लिए समय की बचत, शारीरिक, मानसिक व आर्थिक परेशानियों से छुटकारा भी मिला। सामान्य भाषा में विकेन्द्रीकरण का अर्थ है कि शासन-सत्ता को एक स्थान पर केन्द्रीत करने के बजाय उसे स्थानीय स्तर पर विभाजित किया जाए ताकि आम आदमी की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित हो सके और वह अपने हितों व आवश्यकताओं के अनुरूप शासन-संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

छत्तीसगढ़ मध्य भारत का हिस्सा है, जिसकी राजधानी रायपुर है। छत्तीसगढ़ पहले मध्यप्रदेश का हिस्सा हुआ करता था। 1 नवम्बर सन् 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। छत्तीसगढ़ 1,35,192 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यह प्रदेश पहाड़ों, नदियों, घने जंगलों और प्राचीन मंदिरों के लिए भी विख्यात है। यहां की बोली-भाषा हो या लोक संस्कृति, पर्व भी बड़े अद्भुत हैं। यह आदिवासी बहुल राज्य है और यहां की अर्थव्यवस्था वनोपज, कृषि पर निर्भर है। 17 दिसम्बर 2018 को छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद श्री भूपेश बघेल ने किसानों, आदिवासियों, ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार अनेक योजनाएं शुरू कीं, साथ ही प्रदेश में प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण की दिशा में भी अनेक कार्य किए। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय छत्तीसगढ़ अंचल में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा जिले ही अस्तित्व में थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पहले इस अंचल में वर्ष 1998 को बिलासपुर जिले के कुछ हिस्से तथा राजनांदगांव जिले के हिस्से के साथ कबीरधाम जिला बनाया गया। फिर बिलासपुर जिले के कुछ हिस्से को तोड़कर कोरबा, जांजगीर-चांपा जिला बनाया गया। इसी तरह रायपुर जिले से महासमुंद, धमतरी को नया जिला का दर्जा मिला। बस्तर जिले से कांकेर, दंतेवाड़ा और सरगुजा जिले से कोरिया, जशपुर को अविभाजित मध्यप्रदेश सरकार ने नया जिला बनाया था।

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय प्रदेश में मात्र 16 जिले बस्तर, कांकेर, दंतेवाड़ा, रायपुर, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, सरगुजा, कोरिया और जशपुर ही थे। वर्ष 2007 में जिला बस्तर व कांकेर के कुछ भाग को जोड़ते हुए नारायणपुर जिला और दंतेवाड़ा के कुछ भाग को शामिल करते हुए बीजापुर जिला बनाया गया। इस तरह 16 से बढ़कर 18 जिले वाला छत्तीसगढ़ राज्य कहलाया।

वर्ष 2012 में 9 जिलों का गठन हुआ इसमें बस्तर के कुछ भाग को जोड़ते हुए कोंडागांव, दंतेवाड़ा जिले के कुछ भाग को सुकमा जिले में शामिल किया गया। इसी तरह रायपुर जिले में आने वाले बलौदाबाजार-भाटापारा एवं गरियाबंद को जिला बनाया गया। बिलासपुर जिले के अंतर्गत मुंगेली को जिला बनाया गया तो दुर्ग जिले से बालोद व बेमेतरा को नए जिले का दर्जा मिला। सरगुजा जिले से बलरामपुर-रामानुजगंज एवं सूरजपुर को जिला बनाया गया। इस तरह प्रदेश में जिलों की संख्या 18 से बढ़कर 27 हो गई।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण करते हुए आम लोगों को जो राहत दी है वह काबिले तारीफ है। मुख्मयंत्री बने महज 14 माह ही हुए थे कि अंचल की बहुप्रतीक्षित मांग व सपने को पूरा करते हुए 'गौरेला-पेंड्रा-मरवाही' को फरवरी 2020 में जिला बनाकर एक इतिहास रच दिया। इस तरह जीपीएम (गौरेला-पेंड्रा-मरवाही) जिला बनने से करीब साढ़े तीन लाख लोगों को शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यों, जरूरतों को पूरा करने के लिए समय की बचत, शारीरिक, मानसिक व आर्थिक परेशानियों से छुटकारा भी मिला। सामान्य भाषा में विकेन्द्रीकरण का अर्थ है कि शासन-सत्ता को एक स्थान पर केन्द्रीत करने के बजाय उसे स्थानीय स्तर पर विभाजित किया जाए ताकि आम आदमी की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित हो सके और वह अपने हितों व आवश्यकताओं के अनुरूप शासन-संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। यही सत्ता विकेन्द्रीकरण का मूल आधार है, अर्थात् आम जनता तक शासन-सत्ता की पहुंच को सुलभ बनाना ही विकेन्द्रीकरण है। इस तरह 48 माह के मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण को और तवज्जो देते हुए गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही के अलावा मोहला-मानपुर-चैकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा सक्ती को नए जिले बनाकर क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात दी। श्री भूपेश बघेल जिला निर्माण तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि नई तहसीलों एवं अनुविभागों का भी गठन किया। विगत चार सालों में 79 तहसीलों तथा 19 नए अनुविभागों का गठन करके अंचल के जरूरतों को पूरा किया और आम लोगों की परेशानियों को दूर भी किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महज चार सालों में जिन 6 जिलों का निर्माण किया है, वहां रहने वाले आदिवासी, अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्गों के सर्वांगीण विकास तो हो ही, साथ ही सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक विकास के साथ खनिज संसाधनों का समुचित लाभ भी इन जिलेवासियों को मिल सके। सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, राशन दुकान जैसी अधोसंरचना के साथ बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार भी आसानी से मिल सके। निश्चय ही इन तहसीलों, अनुविभागों तथा जिलों के गठन से विकास की रफ्तार गति पकड़ेगी और आम लोगों के विश्वास को बरकरार रखते हुए शासन-प्रशासन तेजी से जनहितकारी काम भी करेगा। (एल.डी. मानिकपुरी, सहायक सूचना अधिकारी, जनसम्पर्क)

कविता

पिता का प्यार अनमोल है

किशन भावनानी

पिता का प्यार अनमोल है
पर वह कभी जताते नहीं
बच्चों के लिए सब कुछ
करते हैं पर बताते नहीं
पिता की ज्ञानवर्धक बातों को
अनुशासन से समझते नहीं
पिता के लिए कोई शब्द नहीं
इसलिए कोई लिख पाते नहीं
परिवार की ज़वाबदारी का कितना
बोझ है उन पर यह बताते नहीं
बच्चों के लिए मेहनत मजदूरी
करते हैं कभी शर्माते नहीं
अक्सर बच्चे और युवा पिता के प्यार
को गहराई से समझते नहीं
पिता का साथ देख कर
उत्साह वर्धन करते नहीं
बच्चों का जीवन सुखमय बनाने
परेशानियों से टकराते थकते नहीं
कैसे समझाएं आज के युवाओं को
पिता का छुपा हुआ प्यार देखते नहीं

बढ़ती ठंड

प्रिया देवांगन

कैसा ये मौसम है आया, कभी धूप सँग होती छाँव।
बैठे बिस्तर में है सारे, नहीं धरा पर रखते पाँव।।
ठिठुर रहे हैं लोग यहाँ पर, किटकिट करते सब के दाँत।
इक दूजे को करे इशारे, नहीं निकलती मुँह से बात।।
तेज सूर्य की किरणें आतीं, मिलती है ऊर्जा भरपूर।।
चौराहे पर बैठे बैठे, ठंडी को करते हैं दूर।।
स्वेटर मफलर तन को भाये, स्पर्श नहीं करते हैं नीर।
छोटे बच्चे रोते रहते, क्या ठंडी में होती पीर।।
बादल में छुप जाता सूरज, और पवन की बहती धार।
दुबके मानव घर के अंदर, काम काज से माने हार।।
बहुत बढ़ी है ठंड धरा पर, थोड़ा कम कर दो भगवान।
देह बर्फसी जमती जाती, कहीं निकल ना जाये प्राण।।

क्या कांग्रेस का चिंतन और ''राजनीतिक विवेक'' 'शून्य' हो गया है?

राजीव खंडेलवाल

वस्तुतः कांग्रेस की कार्यप्रणाली ही भाजपा को चुनाव जिताने के लिए नारा देती है। जब-जब कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उपमा स्वरूप गाली दी, तब-तब प्रधानमंत्री की लोकप्रियता बढ़ी, यानी ''ज्यो ज्यो भीगे कामरी, त्यों त्यों भारी होय''। यह एक सच्चाई है। वर्ष 2014 में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने चायवाला कहकर भाजपा को चाय वाला का नारा दे दिया जो अंततः सफल हो गया जिस कारण ''चायवाला'' ही प्रधानमंत्री बन गया। 2018 में राहुल गांधी ने ''चैकीदार चोर है'' के कथन को भी भाजपा ने मुद्दा बनाकर जनता की सहानुभूति बटोरी। नवीनतम उदाहरण राजा पटेरिया का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर दिया गया बयान है, जिसे दोहराना भी उचित नहीं है। उक्त कथन के लिए अभी तक राजा पटेरिया ने गलती मानकर माफी नहीं मांगी है।

यूपीए सरकार के समय एक अनाम लेखक भारतीय राजनीति में परोसे जा रहे अपशब्द, राजनीतिक गालियों, जहरीले बोल (जिसे राजनीति का रिवाज बना दिया गया है) पर किताब लिखना चाहते थे। परन्तु उसमें वे असफल हो गये, क्योंकि तत्समय राजनैतिक वातावरण थोड़ा बहुत सदाचार युक्त होकर तुलनात्मक रूप से ठीक-ठाक ही था। विपक्षी दल अटल जी और आडवाणी की भाजपा का चरित्र निश्चित रूप से वर्तनाम विद्यमान समय की तुलना में और कांग्रेस की तुलना में बहुत बेहतर था। अतः तत्समय विपक्ष अर्थात् भाजपा द्वारा सत्तापक्ष अर्थात् कांग्रेस के नेताओं को बहुत कम गालियां मिलने के कारण, वह किताब अधूरी ही रह गई। एनडीए सरकार आने के बाद जब गालियों का नया दौर चला (नए दौर की नई गालियां) तब उस अनाम व्यक्ति को पुनः ख्याल आया क्योंकि अब शब्दों से लेकर गालियों, जहरीले बोलों की निडर बाढ़ सी आ गई। ''सूप और चलनी सब बोलने लगे है''।

राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व एवं अनुशासन समितियों द्वारा अधिकांश मामलों में ऐसे बयानों को रोकने के लिए नेताओं के खिलाफ प्रायः कोई बड़ी कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती रही है, बल्कि उसे सुना-अनसुना, अनदेखा कर दिया जाता रहा है। इस प्रकार पिछले कुछ समय से इस रिवाज में तेजी से वृद्धि होकर कांग्रेस नेताओं द्वारा दी जा रही धडाधड गालियों से पर्याप्त सामग्री संचित हो जाने से मुझे ऐसा लगता है कि निकट भविष्य में उक्त किताब लिखी जा जाकर उसका प्रकाशन भी हो जाएगा। मेरे एक दोस्त जो यह लेख लिखते समय सामने ही बैठे थे, मुझे टोकते हुए तपाक से कहा, भाई साहब इस विषय पर एक नहीं कई किताबें लिखी जा सकती है, क्योंकि इस समय दिल्ली में जैसे कचरे का पहाड़ (जो एक राजनैतिक मुद्दा) बन गया है, वैसे ही गालियों का पहाड़ भी बन गया है। आप उनका अर्थ समझ ही गए होंगे। उन अभद्र गालियों का उद्हरण करना यहां शोभायमान नहीं होगा। कांग्रेस की वर्तमान में हालत ऐसी ही है।

हाल ही में मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री दमोह (हटा) के राजा पटेरिया का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में दिया गया बयान बड़ा गर्म चर्चा का विषय बना हुआ है। मध्य-प्रदेश सरकार के गृहमंत्री मिश्रा ने इसका तुरन्त संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज कराकर पुलिस ने राजा पटेरिया को गिरफ्तार भी कर लिया है। इन घटनाओं से एक बड़ा गंभीर प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि क्या कांग्रेस का शीर्षस्थ नेतृत्व इतना विवेक शून्य हो गया है? क्या कांग्रेसी नेतृत्व को इतनी सी भी समझ नहीं हैं कि ''अपनी करनी ही पार उतरनी होती'' है और इस तरह के ''अधजल गगरी'' रूपी बयानवीरों के बयानों से कांग्रेस को कौन सा फायदा मिल पाएगा? यदि कांग्रेस के बयान वीरों की यह बात मान भी जाए कि उनके बयानों का अर्थ का अनर्थ निकाला जाकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है, तब भी उनके अर्थपूर्ण बयान से कांग्रेस या बयानवीर नेताओं को कोई फायदा होता दिखता नहीं है। क्योंकि ऐसे ''थोथा चना बाजे घना वाले'' बयानों का कोई भी उचित संदर्भ या औचित्य दिखाई देता नहीं है। फिर भी यदि उनके बयान के बताये गये अर्थ को ही सही मान लिया जाए तब भी क्या उससे कांग्रेस को चुनावी फायदा हो सकता है? ऐसे बेतुके निर्लज्ज बयानों से तो जनता की नजर में कांग्रेस नेताओं के प्रति सहानुभूति उत्पन्न नहीं हो सकती है? स्पष्ट है, कांग्रेस नेतृत्व का ध्येय वाक्य ''सूरदास खल कारी कमरी, चढ़े न दूजो रंग'' हो चुका है और कांग्रेस में सही राजनैतिक सोच, चिंतन व मारक नीति और प्रवृती का परिपक्व अनुभवी नेतृत्व ही नहीं रह गया है, तभी तो यह स्थिति हो गई है। कांग्रेस की नीति-रीति में यदि गालियों जैसी आक्रामकता होती, तो सच मानिए आज कांग्रेस की दशा और दिशा ही दूसरी होती।

विवेकहीन राजनैतिक शून्यता व दिमागी खोखलेपन का बड़ा उदाहरण राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा है, जो यात्रा के प्रारंभ होने के तुरंत बाद गुजरात में होने वाले चुनाव से नहीं (लगभग नहीं के बराबर) गुजरती है। मध्य-प्रदेश व राजस्थान जहां एक साल बाद दिसंबर 2023 में चुनाव होने वाले है, यात्रा 12 व 18 दिनों के लिए गुजर रही है। तर्क के लिए यदि हार के ड़र की आशंका से राहुल गांधी के नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह लगने की आशंका के कारण भारत जोड़ो यात्रा गुजरात नहीं ले जायी गई, तब भी 56 इंच के सीने वाले साहसी विपक्षी से मुकाबला न करने का साहस न दिखाने से राहुल को असफल ही ठहराया जायेगा। यह कोई धार्मिक यात्रा नहीं है? जैसा कि देश में लालाकृष्ण आडवाणी ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की धार्मिक यात्रा निकाली थी। तथापि उससे भी उन्हें व भाजपा को बड़ा राजनीतिक फायदा मिला था। वस्तुतः भारत जोड़ो यात्रा निसंदेह एक राजनैतिक यात्रा ही है, जो कांग्रेस की जनता के बीच गिरते जनाधार को रोककर विस्तार करने की तथा राहुल गांधी के आभा मडंल पर पड़ी निराशा के धूल को हटाकर चमकीला बनाने का एक सार्थक प्रयास है कि ''बाज के बच्चे मुंडेरो पर नहीं उड़ा करते''। परंतु यात्रा के दौरान ही कांग्रेस के नेताओं को जोड़ना तो दूर, चली आ रही टूटन में वृद्धि ही होती गई। कांग्रेस की टूटन रुकी नहीं। जनता की भीड़ आ रही है। परन्तु उसका फायदा तभी मिल पाता जब कांग्रेस का संगठन मजबूत होता व जनता के मन में जगे उत्साह को कांग्रेस सही दिशा नेतृत्व दे पाता। लेकिन दूर्भाग्यवश यह कहावत यहां चरिथार्त होती है ''4 दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात''। यात्रा अपनी क्षणिक चमक देती हुई चल रही है। परन्तु इसका प्रभाव व लाभ कांग्रेस अपनी दिशाहीन नीति के कारण और कमजोर नेतृत्व के कारण नहीं उठा पा रही, जिसका ही यह परिणाम है कि चुनाव लड़ने के लिए ''सबको परखा, हमको परखों'' व ''पार्टी विथ डिफ्रेंश'' का नारा गढ़ने वाली भाजपा को को अब नये नारे गढ़ने की आवश्यकता ही नहीं होती है।

वस्तुतः कांग्रेस की कार्यप्रणाली ही भाजपा को चुनाव जिताने के लिए नारा देती है। जब-जब कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उपमा स्वरूप गाली दी, तब-तब प्रधानमंत्री की लोकप्रियता बढ़ी, यानी ''ज्यो ज्यो भीगे कामरी, त्यों त्यों भारी होय''। यह एक सच्चाई है। वर्ष 2014 में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने चायवाला कहकर भाजपा को चाय वाला का नारा दे दिया जो अंततः सफल हो गया जिस कारण ''चायवाला'' ही प्रधानमंत्री बन गया। 2018 में राहुल गांधी ने ''चैकीदार चोर है'' के कथन को भी भाजपा ने मुद्दा बनाकर जनता की सहानुभूति बटोरी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं तेरे ज़िंदगी का

मैं तेरे ज़िंदगी का किस्साग़ अक्सर लोग पूछ लेते हैं.. तेरे-मेरे इश्क़ का किस्सा ख़ामोश आँखे बोल देती.. तेरे-मेरे वफ़ा का हिस्सा.. धड़कनें जुदा होती नहीं.. मिले कोई शाम कभी ऐसा हुआ नहीं.. फिर भी एक डोर बंधी है तुमसें.. मैं तेरे ज़िंदगी का किस्सा और सच भी यही तू मेरे साँसों का हिस्सा।

-नंदिता तनूजा

यूँ लगा जैसे घर

यूँ लगा जैसे घर मिल गया। चांद पर जैसे दर मिल गया। तीरगी की रवानी हुई, रौशनी का सफर मिल गया। शाम रंगीन दिन खुशनुमा, जिंदगी को सबर मिल गया। देख तेवर हैं हैरान सब, सीपियों को गुहर मिल गया। गुमशुदी में रहा अब तलक, बेखबर को हुनर मिल गया।

- दीपा गुप्ता

ख़ास पाती | ज़िन्दगी को जबसे समझा मैं

ज़िन्दगी को जबसे समझा मैं ग़ज़ल कहने लगा बेबसी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा हर तरफ़ मजबूरियाँ थीं , लब सभी ख़ामोश थे मुफ़लिसी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा इश्क़ के दर्द-ओ-अलम से , दिल परेशाँ था बहुत आशिक़ी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा झूट और मक्कारियों का हर तरफ़ बाज़ार है आदमी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा दुनिया फ़ैशन में है पागल , रोज़ नंगी हो रही सादगी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा ज़िन्दगी ग़म के समंदर से निकलकर हँस रही मैं ख़ुशी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा चाँद करता प्यार , अपनी चाँदनी ? से ख़ूब है चाँदनी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा शुक्र है 'ऐनुल' ख़ुदा का , मैं न ग़ालिब - मीर हूँ बंदगी को जबसे समझा , मैं ग़ज़ल कहने लगा।

- 'ऐनुल' बरौलवी

इंसानों में होती है एक गजब

इंसानों में होती है एक गजब की गहराई मुस्कुराहट क्या एक मिथ्या मात्र ही है! हम समझ ही नहीं पाते जरा-सी परछाई तस्वीरों से बिल्कुल अलग होती है सच्चाई।

- प्रवीण माटी

जहर में अब जहर कहां बदली है

जहर में अब जहर कहां बदली है शीत लहर कहां । जीने की दुआ देते हैं वो मुझे दुश्मनी का अब असर कहां। वो मुझमे मैं उसमें समाँ जाऊं मोहब्बतों का वैसा असर कहां। घोंसलें घरों की सजावट ज़ब से परिंदे परेशाँ कि वो शजर कहां।

- सुरेश वैष्णव

मासूम बचपन और ये समाज कड़वा

मासूम बचपन और ये समाज कड़वा सुत सुता अभेद किया तो रीवाज कड़वा दहलीज में कैद थी बुरके में सेफ थी पढलिख स्वरक्षा का ये मिजाज कड़वा आजादी मिली,पुरूष जाति आगे बढ़ी स्त्री तोड़े बेड़िया तो ये ख्याल कड़वा ज़ाल बिछाये बैठे मछुआरे,साहब खाने मछलिये के उगे दांत ये ख्वाब कड़वा खुद ही खुद के भत्ते बढाये,बिल बनाये जनजन करे सवाल तो ये जवाब कड़वा पढ़े कसीदे जो लिखे प्यार,आँसू विरह ज़ाल इन्दू करे चोट कुनीती तो ये कलाम कड़वा। **- इंदु शर्मा वत्स**

वो भी इश्क था क्या वो जो चकोर

वो भी इश्क था क्या वो जो चकोर करता रहा चॉद से चॉद को निहारता रहा उम्र भर इज़हार भी तो किया चॉद सुन? ना सका शायद वो चकोर जलता रहा चॉद? की चांदनी से कुहंकता रहा रात भर क्या वो इश्क था चॉद को मालूम नही वो तो चमकता रहा मुस्कुराता रहा इठलाता रहा रूप पर अपना और चकोर बस ताकता रहा क्या ये इश्क था क्या एकतरफा इश्क भी होता है जब मर जाता है आशिक और चॉद को खबर भी नही होती होता है क्या ऐसा इश्क?

- प्रीती श्रीवास्तव

वक्त का पहिया कभी नही थमता

वक्त का पहिया कभी नही थमता। आगे ही आगे बढ़ती जाती है। साँसों की रेल गाड़ी पीछे छूटते रहते है उम्र के स्टेशन। जिंदगी के सफर में दुःख के ठहराव आते है कभी -कभार सुख के जंक्शन भी। सच कुछ और है, कि दुःख और सुख कुछ होता ही नही है। ऐसे ही वक्त अच्छा या बुरा नही होता हम अपने मन में बुनते है ये ख्याल और वही महसूस करते है-बेहतर और खराब बक्त।

- हेमा पाण्डेय

QUIZ TIME

1) शाहीन, फैनी, ओखी, अम्फान, निवार और गुलाब क्या है?
2) किस मंत्रालय ने प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन पर एक पोर्टल विकसित किया है?
3) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को प्रत्येक वर्ष किस दिन भारतीय भाषा दिवस मनाने का निर्देश दिया है?
4) किस संस्थान को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2021-22 से सम्मानित किया गया है?
5) अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान कौन है?

उत्तरमाला- 1) चक्रवातों के नाम (2) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (3) 11 दिसंबर (4) आईआईटी मद्रास (5) अमन सहरावत

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1927 : भारत के एक प्रमुख क्रान्तिकारी राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी को निर्धारित तिथि से 2 दिन पूर्व ब्रिटिश सरकार ने गोण्डा जेल में फांसी पर लटका कर मार दिया। 1715 : सिखों के प्रमुख बंदा बहादुर बैरागी ने गुरुदासपुर में मुग़लों के सामने आत्मसमर्पण किया। 1779 : मराठों और पुर्तग़ालियों के बीच लंबे संघर्ष के बाद मराठा सरकार ने मित्रता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रदेश के कुछ गांवों का 12,000 रुपये का राजस्व क्षतिपूर्ति के तौर पर पुर्तग़ालियों को सौंप दिया था। 1907 : उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने। 1914 : पोलैंड के लिमानोव में आस्ट्रिया की सेना ने रूसी सेना को पराजित किया। 1914 : तुर्की अधिकारियों ने यहूदियों को तेल अवीव से बाहर खदेड़ दिया गया। 1925 : तत्कालीन सोवियत संघ और तुर्की ने एक दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1927 : आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन ने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने पहले ही मैच में शानदार 118 रनों की पारी खेली। 1929 : महान् क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरु ने अंग्रेज़ पुलिस अधिकारी सांडर्स को गोली मारी। 1933 : भारत के दिग्गज क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 118 रनों की बेहतरीन पारी खेली. 1940 : महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया। 1996 : नेशनल फुटबॉल लीग का शुभारंभ हुआ। 1971 : भारतःपाक युद्ध समाप्त। 1998 : अमेरिकी और ब्रिटिश बम वर्षकों ने 'आपरेशन डेजर्ट फ़ाक्स' के तहत इराक पर भारी बमबारी की।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में सुनाई दिया बस्तर के रेला गीत की गूंज

- **महिलाओं के आर्थिक मजबूती के लिए साख सहकारिता पर बल**
- **नई दिल्ली के सहकारिता शिविर मे बस्तर के महिलाओ की भागीदारी**

कांकेर/नवप्रदेश। दिल्ली के राष्ट्रीय सहकारी संघ, अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन एवं सेवा सहकारी फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बस्तर के रेला गीत की गूंज सुनाई दी। अवसर था कांकेर से आए महिला सदस्यों के द्वारा प्रशिक्षण लेने का , जहा उत्तर बस्तर कांकेर के महिलाओ ने बस्तर के लोकप्रिय रेला गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया द्य नेशनल स्तर के इस प्रशिक्षण शिविर में न केवल सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने की बात कही गई वरन् सम्मेलन में महिला सहकारी समितियों द्वारा घोषणा पत्र भी जारी किया गया। सम्मेलन में बस्तर का प्रतिनिधित्व जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने किया। उनके साथ सम्मेलन में कमला गुप्ता, कलावती कश्यप और गोमती सलाम भाग ले रही है।

सम्मेलन के पहले दिन पंजीयन के बाद राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सहकारिता जगत से जुड़े जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने महिला समितियों ने दिखाई भावी दिशा के विषय में अपने विचार रखे विशेष रूप से एनसीयूआई के अध्यक्ष दिलीप भाई संघानी, गुजरात राज्य सेवा सहकारी संघ के अध्यक्ष मिराई चटर्जी, सेवा भारत के अध्यक्ष रेनाना झाबवाला ने महिला सशक्तिकरण उनको आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने और सहकारिता मे महिलाओ की भूमिका हो सकती है के बारे मे विस्तार से बताया। ट्रेनिंग मे उपस्थित अधिकारियों ने सहकारी समितियों को व्यापार करने में आसानी, वित्तीय सेवाएं आदि के विषय में अपने विचार रखे।

दूसरे दिन इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलाइंस (एशिया प्रशांत) के क्षेत्रीय निदेशक बालासुब्रमण्यम अय्यर, एनसीयूआई के सावित्री सिंह आदि ने प्रशासन और क्षमता निर्माण, डिजिटल समावेशन से महिलाओं को अवगत कराया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय एकजुटता का मजबूतीकरण और दिल्ली घोषणा पत्र था। जिसे गुजरात राज्य सेवा सहकारी संघ की अध्यक्ष मिराई चटर्जी ने पढ़ा तथा इसे सरकार से सहकारिता के कानून मे जोड़ने की बात कही । इस सम्मेलन से उत्साहित जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई और कमला गुप्ता ने कहा कि यह पहला अवसर है जब देश के 18 राज्यों के 100 महिलाओं को सीधे तौर पर प्रशिक्षण देकर सेवा सहकारी फेडरेशन 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन एवं श्रम सहकारी संगठन के माध्यम से असंगठित कामगारों को जोड़ने की बात कही गई ट्रेनिंग मे प्रत्येक राज्यो के प्रतिनिधियो से सीधे बात करके उनकी परेशानियो को समझकर उन्हे दूर करने के उपाय बताये गए, जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने सेवा सहकारी फेडरेशन के अध्यक्ष मिराई चटर्जी एवं उनके पदाधिकारियों से बात करके छत्तीसगढ़ के महिलाओं को सेवा सहकारी फेडरेशन से जोड़ने का निवेदन किया तथा कहा कि छतीसगढ मे सहकारिता के लिए अपार संभावनाये है खास तोर पर बस्तर अंचल के महिलाएं सहकारिता से जुड़कर बहुत कुछ करना चाहती है, इसलिए प्रथमिकता के तोर पर यहाँ के महिलाओ को सेवा सहकारिता के फेडरेशन से जोडा जाए साथ ही बस्तर मे इसका ट्रेनिंग कार्यक्रम रखा जाए, पोटाई ने नेशनल कॉआपरेटिव यूनियन नई दिल्ली के चेयरमेंन् दिलीप भाई संघानी को भी बस्तर आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, श्रम सहकारी संगठन के कार्यकारी निदेशक एचआर नागवंशी और जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर के संचालक डोमेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

आज कांग्रेस का गौरव दिवस आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के सफलता पूर्वक 04 वर्ष का कार्यकाल 17 दिसम्बर को पूर्ण होगा जिसे गौरव दिवस के रूप में जिले के समस्त गौठानों एवं धान खरीदी केन्द्रों में मनाया जायेगा। इस संबंध में जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 17 दिसम्बर को गौठान, धान खरीदी केन्द्र/तेन्दूपत्ता संग्रहण केन्द्र, लघु वनोपज संग्रहण खरीदी केन्द्र सहित सार्वजनिक स्थानों पर कांग्रेसजनों के द्वारा विविध आयोजन कर छत्तीसगढ़ सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम के माध्यम से किसान भाईयों, पशु पालकों, गौठान समिति, स्व सहायता समूह, तेन्दूपत्ता संग्राहकों, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित नगरीय निकाय क्षेत्रों के वार्डों में सफाई कर्मचारियों का सम्मान श्रमवेय-जयते की मूलभावना को लेकर उनका सम्मान किया जायेगा।

बिलासपुर रेलवे जोन को कोरबा से 80% आय, फिर भी यात्री सुविधाओं से वंचित

- **कोरबा सांसद ने संसद में रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया**
- **कोरबा स्टेशन तक यात्री गाड़ियों का विस्तार, नई ट्रेनों का परिचालन और एक्सप्रेस के ठहरा का मुद्दा उठाया**

कोरबा /नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेते हुए संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेल संबंधी समस्याओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इसे खेदजनक बताया कि बिलासपुर रेलवे जोन की राजस्व आय का 80 प्रतिशत हिस्सा कोरबा का है लेकिन इसके बाद भी कोरबा को यात्री सुविधाओं, नई यात्री गाड़ियों का परिचालन एवं यात्री गाड़ियों के विस्तार से वंचित रखा गया है।

कोरबा तक यात्री गाड़ियों का करें विस्तार

सांसद ने रेल मंत्री से मुखातिब होते हुए कहा कि कोरबा इतवारी (नागपुर) कोरबा से इतवारी तक जाती है लेकिन वापसी में बिलासपुर में रुक जाती है जिसका विस्तार कोरबा तक किया जाये। कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से जाती है लेकिन वापसी में बिलासपुर में रुक जाती है जिसे कोरबा तक लाया जाये।

कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का विस्तार डोंगरगढ़ तक किया जाये। निर्माणाधीन गेवरा-पेण्ड्रारोड रेल कारिडोर में पसान (93) रेलवे स्टेशन प्रस्तावित था इसलिए पसान (बैरा साड़ामार) में रेलवे स्टेशन का निर्माण करायें।

एक्सप्रेस गाड़ियों का मांगा ठहराव

सांसद ने कहा कि चाम्पा रेलवे स्टेशन में गीतांजली एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, कर्मभूमि एक्सप्रेस का ठहराव के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। कोरबा रेलवे स्टेशन से चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का सरगबुंदिया एवं मड़वारानी में ठहराव किया जाए। सांसद ने अवगत कराया कि कोरबा ईस्ट-वेस्ट रेल कारिडोर के तहत गेवरा रोड-पेण्ड्रा रोड रेल कारिडोर का 24 सितंबर 2018 को तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा भूमिपूजन किया गया। वर्ष 2021 तक कार्य पूर्ण होने की घोषणा की गई थी लेकिन खेद का विषय है कि 2022 तक लगभग 55 प्रतिशत कार्य ही हो पाया है। कार्य में प्रगति लाने आवश्यक कार्यवाही करें।

बीकानेर तक चले नई ट्रेन, पिटलाइन जल्द शुरू हो

सांसद ने कोरबा से नयी यात्री ट्रेनों के परिचालन की मांग रखते हुए कहा कि कोरबा-बालपुर-सारागांव रेल ट्रैक बने 5 साल से ऊपर हो चुका है और मालगाड़ी का परिचालन हो रहा है। यहां यात्री रेल का परिचालन, कोरबा से राउरकेला मार्ग तक नई ट्रेन आगामी बजट में प्रस्तावित किया जाए। कोरबा से कटनी मार्ग पर एक भी यात्री ट्रेन नहीं है जो प्रारंभ किया गया है। बैकुंठपुर रोड एवं कटोरा रेलवे स्टेशन के मध्य नवीन रेलवे स्टेशन उरूमदुगा की स्थापना के लिए बजट में प्रावधान रखा जाए। कोरबा रेलवे स्टेशन में पिट लाइन बनकर तैयार है जिसे जल्द शुरू किया जाए ताकि नई यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुविधा हो। कोरबा-बीकानेर नई यात्री ट्रेन के लिए भी बजट में प्रावधान करें।

डेढ़ किलोमीटर में 5 फाटक, शहर में ट्रैफिक समस्या

सांसद ने रेलवे के हवाले से सदन को बताया कि पूर्व वित्तीय वर्ष में 135 मिलियन टन का लदान कोरबा रेलवे द्वारा किया गया जिसमें लगभग 18 हजार करोड़ की अनुमानित आय हुई। इस वित्तीय वर्ष के 239 दिन में 100 मिलियन टन कोयला कोरबा से प्रतिदिन लदान कर रेलवे ने कीर्तिमान स्थापित किया। लगभग 45 रैक, अप-डाउन 90 रैक कोरबा शहर के बीच से गुजरती है जिसमें शहर में 1.5 किलोमीटर में 5 रेलवे फाटक हैं, जिससे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की समस्या रहती है। 5 रेलवे फाटक पर अंडर ब्रिज या ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जाए। संसद में रेल मुद्दों पर कोरबा की आवाज प्रमुखता से रखे जाने पर रेल संघर्ष समिति, रेल सुविधाओं के लिए आंदोलनरत शहर से लेकर कोयलांचलवासियों एवं सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, मनोज अग्रवाल आदि ने सांसद के प्रति आभार जताया है।

अवैध मादक पदार्थ की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

सारंगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सारंगढ बिलाईगढ़ के दिशानिर्देश पर अति पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अनुविभागीय अधि सारंगढ़ के मार्गदर्शन में थाना डोंगरीपाली पुलिस द्वारा ओडिसा से गांजा तस्कर के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मुखबीर के जरिए सुचना मिला कि एक काला निला रंग के बिना नम्बर वाली मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर प्लस में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर सोहेला उड़ीसा से बरमकेला की ओर जाने वाले है की सूचना पर गवाह एवम् हमराह स्टॉफ के ग्राम बिरनीपाली बेरियर के आगे पंहुचकर घेराबंदी किया जो कुछ देर बाद निला रंग के बिना नम्बर वाली मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर प्लस सोहेला उड़ीसा की ओर आरोपी रामेष्वर दास वैष्णव पिता प्रयाग दास वैष्णो उम्र 32 वर्ष साकिन रोगदा, थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा छ0ग0 एवं पिछे बैठा आरोपी महेष कहरा पिता रामकुमार कहरा उम्र 37 वर्ष साकिन ,कहरापारा नवागढ़, थाना नवागढ़, जिला जांजगिर चांपा छ0ग0 को पकड़े जो मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही व संदेही के आधिपत्य एक काला निला रंग के बिना नम्बर वाली मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर प्लस का तलाषी लिया गया तलाषी दौरान दोनो के अधिपत्य वाहन के सीट में छुपाया हुआ 02 हरे रंग की झिल्ली में भरा मादक पदार्थ गांजा मिला जो तौल करने पर प्रत्येक पैकेट में 1-1 किलोग्राम जुमला 02 पैकेट में 02 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 20000/- (बीस हजार रू.) जो एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

बिस्किट लेने गए 9 वर्ष के बच्चे पर जंगली बाघ ने किया हमला

रामानुजगंज/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सीमा के नजदीक गढ़वा जिले के भंडरिया थाना अंतर्गत हृदयविदारक घटना सामने आयी है। गांव की दुकान से शाम को बिस्किट लेने गए 9 वर्ष के बच्चे पर जंगली बाघ ने हमला कर दिया और उसे मार डाला । इतना ही नहीं, उसके शव के आधा हिस्से को खा गया। इस हादसे के बाद गांव में सनसनी फैल गई।

दहशत के बीच अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार भंडरिया थाना क्षेत्र के रोदो गांव निवासी ब्रह्मदेव तुरी के 9 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार तुरी बुधवार की शाम दुकान में बिस्कुट लेने गया था। रास्ते में जंगली बाघ ने उन पर हमला कर दिया। जब शाम को घर नहीं लौटा तब घर के लोग काफी खोजबीन की ।सुबह में तुरी टोला स्कूल के बगल में विक्रम का कपड़ा और शव को लोगों ने देखा। शव के आधे हिस्से को बाघ ने नोच नोच कर खा गया था। बच्चे का कपड़ा से उसकी पहचान की गई।

श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में उपलब्ध सस्ती दवाइयों से लोगों को मिल रही राहत

- **गरीब,मध्यमवर्गीय परिवारों सहित अब सभी वर्ग के लोगों को हो रहा योजना से फायदा**

कोरबा/नवप्रदेश। महंगाई के इस दौर में लोग अगर बीमार पड़ जाए तो उनको अस्पतालों के चक्कर लगाने के साथ ही इलाज के लिए महंगी दवाइयां खरीदने के बोझ तले दबना पड़ता है। आर्थिक रूप से अक्षम लोगों के लिए तो यह पीड़ा और भी ज्यादा कष्ट दायक होती है। लेकिन प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमजनों की इस पीड़ा व दर्द को समझते हुए उनको राहत पहुंचाने के लिए श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स का संचालन प्रदेश भर में शुरू किया।

आज शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर,गरीब लोगों के साथ ही मध्यम व अन्य सभी वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। क्योंकि बीमारी के इलाज के लिए लोगों को अब महंगी दवाइयां खरीदने के बोझ से मुक्ति मिल गई है। लोगों को उनके जरूरत की दवाइयां श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में आधे से भी कम दर के साथ काफी सस्ते में मिलने लगी है। कोरबा जिले में भी नगरीय निकाय क्षेत्रों में लगभग आधा दर्जन की संख्या में श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स का संचालन किया जा रहा है।

बेटियों ने चिरिमिरी का सम्मान बढ़ाया

चिरिमिरी/नवप्रदेश। बेटी बचाओ मंच चिरमिरी की बेटियों ने रचा नया इतिहास इन सभी का सम्मान मंच के जिलाध्यक्ष मिथिलेश पाराशर द्वारा किया गया मंच की बेटियों ने राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया एवं बहुत से खिताब जीते संजीदा खातून को वूमेन स्ट्रांग चैंपियनशिप एवं मास्टर स्ट्रांग वूमेन का टॉफी मिला जूनियर में डिंपल सारथी एवं खुशबू को मेडल मिला सीनियर वर्ग में सुशीला एवं सृष्टि को एवं नैना को गोल्ड मेडल मिला हमारी मंच की बेटियों को पर हमें नाज है

यादव समाज ने अंतागढ़ दुर्घटना में सम्मिलित परिवारों की आर्थिक सहायता की

कांकेर/नवप्रदेश। विगत दिनो यादव समाज के छठ्ठी कार्यक्रम मे जा रही मेटाडोर अंतागढ़ पोडगांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमे कुल 30 घायल हुए और 6 लोगो कि मौत हो गई यादव समाज के लोगो ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन भी सौपा था मगर अभी तक किसी भी प्रकार कि सहायता नही मिलने पर यादव समाज के लोगो ने समाज के लोगो से चंदा एकत्रित करके मृतक परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया व घायलो को फल एवं खाद्य समाग्री प्रदान कर सहायता कि चारामा के मृतक परिवार को चारामा यादव समाज ने लगभग 20 हजार रूपये कि आर्थिक सहयोग दिया कांकेर यादव समाज व चारामा ने किशनपुरी के मृतक परिवार को 10 हजार रूपये व कांकेर के झुनियापारा यादव परिवार को 5 हजार रूपये व बरदेभाटा मंडावी परिवार को 3 हजार का आर्थिक सहयोग प्रदान किया साथ ही कोमलदेव अस्पताल मे भर्ती मरीजो को फल ,दूध.काजु व ब्रेड प्रदान कर सहयोग दिया। यादव समाज के गिरधर यादव ने बताया कि यादव समाज के परिवारो ने स्वतः ही आगे बढ़कर अपना सहयोग दिया साथ ही ऐसे और भी अन्य समाज के लोगो ने अपने से आगे आकर अपना सहयोग दिया समाज कि ओर से उन सभी लोगो का बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होने इस दुख कि घड़ी मे यादव समाज के साथ खड़ा रहकर अपना सहयोग दिया। इस कार्य मे यादव समाज के धनेश यादव, गिरधर यादव, नरेन्द्र यादव, तीजु यादव, लक्ष्मण यादव, केजुराम रावत, हेमन्त यादव, रूपेश यादव, मोहन यादव,कमल यादव, चिन्टू यादव, बंसत यादव, योगेश यादव, विनोद यादव,नरेन्द्र यादव, विनोद यादव, मधु यादव, अनुराधा यादव, निलेश यादव, राजेश यादव, रामस्वरूप यादव, उत्तम यादव, सोनऊ यादव, बल्लू यादव, राजेश यादव, नरेन्द्र यादव, किशन यादव, पुनेश्वर यादव, घनश्याम यादव, रमा यादव, दयालु यादव अशोक यादव, दशरथ यादव, मधु यादव प्रदीप यादव धर्मेन्द्र यादव रवि यादव, संतोष यादव ने अपना सहयोग प्रदान किया।

डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक 22 को

कोरबा/नवप्रदेश। मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला पुनरीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक 22 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में शाम पांच बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन-धन योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन बैंक शाखा स्थापना एवं पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

बरमकेला तहसीलदार निलंबित

सारंगढ़/नवप्रदेश। बरमकेला तहसीलदार सिद्धार्थ आनंद के खिलाफदोपहर तहसील कर्मियों के साथ मिलकर दुकान में घुसकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीलांबर नायक पर जानलेवा हमला कर दिया लात मुक्का और डंडे से बुरी तरह से जख्मी नीलांबर नायक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था घटना का पता चलते ही रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े कांग्रेस अध्यक्ष अरुण मालाकार घनश्याम मनहर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने थाने का घेराव कर दिया तहसीलदार और उसके साथियों के खिलाफ पुलिस में धारा 452, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है बताया जाता है कि नीलांबर नायक करें अपने किसी निजी के नाम को लेकर तहसील ऑफिस गए हुए थे जहां ऑफिस के बाबू विगत कई दिनों से उसके काम को टाललने का प्रयास कर रहे थे जिससे खीझकर नीलांबर नायक ने उक्त बाबू को थप्पड़ मार दिया था जिसके वजह से यह घटना घटित हुई

तहसीलदार टाईलेट मे जा छुपा

घटना को अंजाम देकर तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत बरमकेला थाने में जा पहुंचा जहां घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जिसमें रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक सारंगढ़ विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अरुण मालाकार आदि थे जिन्होंने थाने का जब घेराव किया तब तहसीलदार थाने के टॉयलेट में जाकर छुप गया।

तहसीलदार को कमिश्नर ने किया निलंबित

घटना की गंभीरता को देखते हुए कमिश्नर बिलासपुर ने सारंगढ़ कलेक्टर के अनुशंसा पर तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत को निलंबित कर दिया है वही निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय जिला कार्यालय सारंगढ़ कर दिया गया है।

गांजा तस्करों को 4 - 4 साल की सजा

- **आरोपी छींद और साल्हे के हैं**

सारंगढ़/नवप्रदेश। उडिशा से गांजे के अवैध गांजा परिवहन करते रंग हाथ पकड़ाए दो युवकों को फास्ट टैक कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर 4 - 4 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यही नहीं, विशेष न्यायाधीश ने मुल्जिमों को 50 - 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित भी किया है। न्यायालय सूत्रों के अनुसार विगत 15 अक्टूबर 2020 की शाम तकरीबन साढ़े 6 बजे सुभाष चोक बरमकेला में सहायक उपनिरीक्षक अजय गोपाल अपनी टीम क साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान ओडिशा मार्ग की तरफ से काला रंग क अपाचे मोटर सायकिल (क्रमांक सीजी 13 एक्स 9925) में दो युवकों को आत दख पुलिस ने रोककर पूछताछ की तो उन्होंन अपना परिचय ग्राम छिंद निवासी जयराम साहू आत्मज ललित साहू (27 वर्ष) तथा ग्राम साल्हे में रहन वाले भूपेंद्र सिंह पिता मोहतिया साहू (20 साल) बताया। विदित हो वर्दीधारियां ने बाईक चालक भूपेंद्र के पीछे ग्रेकलर का बैग लेकर बेठे जयराम की तलाशी ली तो बैग के भीतर गांजा से भरा 3 पैकट बरामद हुआ।

कड़ी मेहनत और लगन से मिलती है सफलता : कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज ईमलीपारा कांकेर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से स्कूल में पढ़ाई के स्तर, खाना एवं साफ सफाई के संबंध में पूछताछ किया तथा सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने की समझाईश विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि मेहनत जादू की छड़ी है, मेहनत से ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है, बिना मेहनत के कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता। परीक्षा के पहले बार-बार रिविजन करने की समझाईश देते हुए उन्होंने कहा कि कम से कम छः घण्टे की नीद भी जरूरी है, पढ़ाई के साथ-साथ समय निकालकर खेलकूद भी करें। प्लान बनाकर पढ़ाई करें तथा हर दिन की प्लानिंग करें। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खूब मेहनत कर आगे बढ़ें ताकि आपको किसी से मदद लेने की जरूरत न पड़े। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को स्वयं के खर्च पर हवाई जहाज से दिल्ली की यात्रा कराने की जानकारी भी उन्होंने विद्यार्थियों को दी तथा इसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने कहा कि वार्षिक परीक्षा के पहले सिलेबस पूर्ण कर तीन से चार बार रिवीजन कर लेना चाहिए। उन्होंने दिसम्बर माह में सिलेबस को पूरा करने की समझाईश भी विद्यार्थियों को दिया।

वन विभाग में आज भी जारी है प्रभारवाद, नहीं हो सका परिवर्तन

■ **वनमंडल व पार्क परिक्षेत्र में बड़ी तादात में तैनात हैं प्रभारी रेंजर**

कोरिया/मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। कोरिया व मनेन्द्रगढ़ वन मंडल से लेकर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान तक भ्रष्टाचार और अनिमितताओं को लेकर सुर्खियों में रहने वाले प्रभारी रेंजर इन दिनों चांदी काट रहे है। मानों सिस्टम ने इन्हें प्रभारवाद की व्यवस्था देकर एक नायाब तोहफा दिया हो । जिसका ही परिणाम है कि वन मंडल के उच्च अधिकारी रिटायर होने का समय नजदीक होने के बाद भी प्रभारी रेंजरों को लाखों का चेक काट कर भुगतान कर रहे। ताकि भविष्य में जाच होने पर रिटायरमेंट होने का हवाला देकर कार्यवाही से बच सके । कोरिया व नवीन जिले मनेन्द्रगढ़ में जिले के प्रभारी रेजरों की मनमानी इस कदर हावी है कि उच्च अधिकारी भी हाथ पे हाथ धरे बैठे है। विभागो में किसी कनिष्ठ को वरिष्ठ के पद पर सिर्फ कुछ समय के लिये व्यवस्था सुचारू हेतु पदस्थापना की जाती है, परंतु वन विभाग में यही प्रभारी रेंजर स्थायी पद के अनुरूप सालों से जमे है और विभागीय कार्यो में अपनी मनमानी करते आ रहे हैं।

बता दें कि सम्पूर्ण कोरिया जिले कि तो यहाँ कई प्रभारी रेंजर वगैर योग्यता के बहुत से रेंज में सालों से टिके हुए है। वनों की वृद्धि कितनी हुई यह महत्वपूर्ण नही है, पर कई प्रभारी रेंजर खुद को स्टेबलिश कर लिए ये बात ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात है। वर्तमान में जिन परिक्षेत्रो में प्रभारी रेंजर पदस्थ है वहां करोड़ों के कार्य इनके द्वारा सालों से कराये जा रहे है, और सबसे बड़ी बात यह है कि डीएफओ भी सीधे प्रभारी रेंजर को भुगतान करने चेक इन्हें जारी कर रहे है। क्या किसी प्रभारी रेंजर को करोड़ों के भुगतान करने अधिकार है? और अगर नही है तो जिले के तीन वनमंडलाधिकारी किसके आदेश या किस भरोसे पर प्रभारी रेजरों को भारी भरकम राशि का चेक निरन्तर जारी करते आ रहे है।

गौरतलब है कि वर्ष 2014 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव ने प्रदेश के समस्त विभागों के सचिवों व विभागाअध्यक्ष को एक आदेश जारी किया था. इसमें स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी विभाग में कोई भी कनिष्ठ कर्मी को वरिष्ठ के पद पर न रखा जाए। अगर ऐसा प्रभार कहीं दिया गया है तो विभागाध्यक्ष तत्काल उसे हटाए। लेकिन फिर भी कोरिया जिले के राष्ट्रीय उद्यान में कुल पांच परिक्षेत्रो में दो परिक्षेत्र को छोड़ बाकी तीन रेंज में प्रभारी रेंजरों का कब्जा है, वही नवीन जिला एमसीबी के छः परिक्षेत्र में एक परिक्षेत्रों को छोड़ पांच रेंज में प्रभारी रेंजर शासन के आदेश के विपरीत नियमों को ताक पर रख रेंजरी का जलवा बिखेर रहे हैं।

विदित है कि छत्तीसगढ़ में 15 साल बाद सत्ता परिवर्तन तो हो गया, लेकिन व्यवस्था में परिवर्तन अब भी नहीं आ सका है। कोरिया और एमसीबी जिले के वन विभाग में प्रभारवाद अब भी सर चढ़ कर बोल रहा है। यहां सामान्य वन मंडल हो या राष्ट्रीय उद्यान जहां प्रभारवाद का बोलबोला है। सालों से यहां नियमों को ताक पर रख डिप्टी रेजरों को रेंज अफसर बना कर बिठाया गया है। वही मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में रिटायर्ड के महज एक माह बचने के बाद भी हो रहे भुगतान को लेकर भी जिले में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर क्या मजबूरी हैं कि वन विभाग प्रधानमंत्री कार्यालय से मिली शिकायत के जाच के निर्देश के बाद भी प्रभारी रेंजरों पर मेहरबान हैं ।

वन पर्यावरण एवं वानिकी गतिविधियों का जीवंत परिचय सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ **जंगल भ्रमण कराकर पेड़ - पौधे, वनस्पतियों से रूबरू भेंट कराकर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की संपूर्ण जानकारी पर सविस्तार प्रकाश डाला गया**

भोपालपट्टनम/नवप्रदेश। वन मितान जागृति कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों को वन पर्यावरण एवं वानिकी गतिविधियों का जीवंत परिचय कराया गया। विद्यार्थियों को भोपालपटनम 10Ha फलदार प्लान्टेशन , करकावाया नीलगिरी प्लांटेशन एवं करकावाया नरवा कार्यो का भ्रमण कराया गया। भोपालपट्टनम में उपवनमंडल अधिकारी नितिश रावटे मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र सिंह रेंजर भोपालपट्टनम की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन हुआ। मास्टर ट्रेनर श्री नरवरिया , श्री डि.एस. राम एवं औषधि एक्सपर्ट श्री गोडबोले द्वारा विद्यार्थियों को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक कक्षा 8 से 10 तक के छात्र छात्राओं को वन पर्यावरण एवं वानिकी गतिविधियों का जीवंत परिचय सह जागरूकता का ज्ञान कराया गया।

उक्त कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रुद्राराम, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला, हाइस्कूल गोलागुड़ा, पूर्व माध्यमिक शाला देपला के विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिका शामिल रहे। विभाग के कर्मचारियों में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश ठाकुर , अजय कोर्राम एवम जब्बा राव तथा वन रक्षकों में निरकुरी रघुनाथ , जोगेन्दर यादव , शैलेंद्र एट्टी , अजय एट्टी आदि वन रक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि नीतीश रावटे मास्टर्स ट्रेनरों को एवं उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों, छात्र/छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त कर सभा समापन की घोषणा की गई। मंच का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने किया।

किरन्दुल नगर पालिका परिषद द्वारा रामायण पाठ का आयोजन

किरन्दुल/नवप्रदेश। प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र में रामायण मंडलियाँ एक अभिन्न अंग है।राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की तरह रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन के संदर्भ में गुरुवार रात किरन्दुल नगरपालिका परिषद द्वारा बंगाली कैम्प मंगल भवन में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।इस प्रतियोगिता में किरन्दुल के 04 रामायण मंडली ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान श्रद्धा मानस मंडली ने प्राप्त किया।बता दें प्रतियोगिता का शुभारंभ शाम 07 बजे हुआ एवम देर रात समापन हुआ।विजयी मंडली ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होगी। मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील जैन, श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य डॉ अनिल कुमार पांडे, पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय, कीर्ति राणा, तपन दास, राजू रेड्डी, सरपंच मीना मण्डावी, रोजगार सहायक राजकुमारी उपस्थित थे।

बाँसपारा में चार दिवसीय रामचरित मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ

नगरी/नवप्रदेश। कुकरेल के सभी मुहल्लों में कलश यात्रा होकर निकली जिसमें, कलश यात्रा बाँसपारा कार्यक्रम स्थल पहुचने के बाद भगवान श्रीराम चंद्र के तैल चित्र पर पूजा अर्चना करने के बाद रामचरितमानस का प्रारंभ किया। जिसमें विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने अपने उदबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम चंद्र जी के त्याग, तपस्या किये जिसके कारण ही उसे आज मर्यादा पुरूषोत्तम का दर्जा दिया गया। छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ में राम वनगमन पथ का काम शुरू किया है, छत्तीसगढ़ से भगवान श्रीराम से काफी करीब का नाता है माता कौशिल्या खुद छत्तीसगढ़ कि राजकुमारी थी, वही भगवान राम ने भी अपने वनवास के दौरान काफी वक्त छत्तीसगढ़ में गुजारा आज भी छत्तीसगढ़ में पौराणिक धार्मिक व ऐतिहासिक मान्यताओं के आधार कई ऐसे स्थान मिल जाएंगे जिन्हें भगवान राम से जोड़कर देखा जाता है।रामवन गमन पथ में इन सभी स्थानों को सरकार जोड़ने का प्रयास कर रही है, धमतरी जिला में सप्तऋषियों का आश्रम का सौंदर्यीकरण किये जाना है,नगरी सिहावा को पर्यटन हब के रूप में विकसित किये जाने की योजना है जिससे हमारे छेत्र के युवाओं को रोजगार का साधन उपलब्ध होगा।इस मंच से विधायक द्वारा रंग मंच बनाने की घोषणा की गई।उक्त कार्यक्रम में करण चंद्राकर, श्यामसुंदर सिन्हा, कमलनरायन सिन्हा, कुम्भज, भोजबति सरपंच कुकरेल, संरक्षक एवं आयोजन समिति के सदस्य एवम ग्राम वासी उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों सहित गांव के लोगो ने जाना यातायात के नियम

कांकेर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने शलभ सिन्हा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण में गोविंद वर्मा यातायात प्रभारी नेतृत्व में सहा. उप निरी. केजू राम रावत, सतीश वर्मा, प्र.आर. ताम्रध्वज सिंगरामे, अभिषेक दुबे यातायात कांकेर द्वारा भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के एनएसएस कैंप ग्राम गवरसिल्ली नरहरपुर में एनएसएस कैम्प एवम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गवरसिल्ली के लगभग 150 छात्र-छात्राओं तथा गांव के लगभग 50-60 आम नागरिकों को यातायात संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस ,पोलूशन ,परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने ,मोटरसाइकिल में चलने व कार में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण ज रफ्तार ,नशा कर वाहन चालन,ओवरलोड वाहन चालन ,माल वाहन में यात्री परिवहन वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग एवम यातायात नियमों का पालन न करना एवं मौत के कारणों हेलमेट सीटबेल्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यातायात नियमों में सड़क चिन्ह/ संकेतों, विद्युत संकेतों ,चालक के द्वारा दी जाने वाले हाथ का इशारा, इंडिकेटर का प्रयोग एवं यातायात के जवानों द्वारा दी जाने वाली संकेतों के बारे में बताया गया । इस दरमियान गांव के सरपंच श्री पर्वत सिंह सोरी, कार्यक्रम अधिकारी अलका केरकेट्टा ,आशीष कुमार नेताम , मोहम्मद अजहर ,नवीन साहू एवं गांव के प्रतिष्ठित व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 दिसम्बर को

कांकेर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी बी.आर. ठाकुर ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 198 रिक्तियां के आधार पर भर्ती किया जायेगा, जिसके लिए सिक्युरिटी गार्ड के 150 पद, सिक्युरिटी सुपरवाइजर के 05 पद, असिस्टेंट सुपरवाइजर के 05, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 05, कारपेंटर के 15, वाहन चालक के 02, वर्कर के 05 कुक के 01 तथा मार्केटिंग के 10 रिक्त पदों पर भर्ती किया जायेगा। इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जायेगा, जिसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदक को दिया जायेगा।

कलेक्टर ने सिंचाई विभाग के अफसरों की ली समीक्षा बैठक

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में जिले के सिंचाई विभाग के अधिकारियों और सब इंजीनियरों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सिंचाई सुविधा और बेहतर करने के लिए निर्माणाधीन सभी प्रोजेक्ट्स की जानकारी लेते हुए सभी निर्माण कार्यों को अप्रैल 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के सभी सब इंजीनियरों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने की जिम्मेदारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सिंचाई विभाग के अफसर सहित संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए तालाबों को नहरों से जोड़ने, नहरों के किनारे स्थित खाली पड़े शासकीय जमीन पर तालाब का निर्माण करने तथा नहरों के मरम्मत, साफसफाई आदि पर कार्य करने कहा।

सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान का समापन

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्की के निर्देशानुसार 01 दिसंबर से जिले में सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान जारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एफआर.निराला के मार्गदर्शन में जिले में टीबी एवं कुष्ठ सघन जांच खोज अभियान के अंतर्गत अब तक टीबी के 256 मरीजों के सत्यापन में 34 नए रोगी चिन्हांकित हुए हैं, वही कुष्ठ के 260 शंकाप्रद मरीजों के सत्यापन में 76 नए रोगी चिन्हांकित हुए हैं। इन मरीजों का उपचार आज जिला चिकित्सालय में प्रारंभ हो गया है। घर-घर जाकर मरीज खोजने का आज अंतिम दिन था। 16 दिसंबर से क्षेत्रीय आरएचओ के द्वारा भी वैलीडेशन किया जाएगा। जिले के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुख्यालय में बुलाकर मरीजों का सत्यापन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार के चार साल, किसान हो रहें खुशहाल

■ **धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की बढ़ी सुविधाएं**

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। एक समय था जब किसान बारिश की दस्तक के साथ ही अपनी खेत में फसल उगाते थे। इन फसलों को बोने के साथ किसानों के मन में यहीं उम्मीदें होती थी कि धान बेचकर वे अपनी जरूरतों को पूरा करेंगे। कर्ज चुकायेंगे। फसल लेने के खातिर ऐसे कई किसान भी होते थे जो घर के आभूषणों को, मवेशियों को गिरवी रखकर, अधिक ब्याज दर पर रकम उधारी लेकर खेती किसानी करते थे। इस बीच धान को बेचने के लिए किसानों को जद्दोजहद इतनी करनी पड़ती थी कि अनेक किसान परेशान होकर धान भी नहीं बेच पाते थे। पहले धान का वह मूल्य भी नहीं मिलता था, लेकिन सिस्टम की परेशानी इतनी अधिक थी कि धान न बेच पाने से वे अपनी मेहनत के उपज को औने-पौने दाम पर कोचियों को बेच आते थे। अब ऐसा नहीं है। यह किसान भी कहते हैं। धान की कीमत भी बहुत अधिक है और धान बेचने का सिस्टम भी पारदर्शिता के साथ सहूलियतों से भरा है। किसान आसानी से अपना पंजीयन कराने के साथ टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि को धान बेच पाते हैं। धान बेचने के कुछ दिन के भीतर ही किसानों के खाते में बेचे गए धान के हिसाब से पैसा भी आ जाता है। यहीं नहीं उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ने के साथ उनके बैठने के लिए छाया, पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री के द्वारा कर्जमाफी, अधिक कीमत पर धान खरीदने, अन्य फसलों को बढ़ावा देने, आसान ऋण उपलब्ध कराने और समय पर खाद-बीज की व्यवस्था जैसी किसान हितैषी निर्णय ने किसानों को बहुत राहत पहुँचाई है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग जशपुर

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 8362/NIT-15/2022-2023/व ले लि — दिनांक 14/12/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 22/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 29/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 30/12/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
15 T0041	जिला जेल जशपुर में किशोर वार्ड के मुख्य दीवार की ऊंचाई में वृद्धि का कार्य प्रथम आमंत्रण	7.82 5900.00 117300.00

टीप :-
1. निविदा प्रपत्र की कीमत रु. 750/- प्रति नग
2. कार्य पूर्णता की अवधि - 04 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग जशपुर

जी-96742/3

प्रथम पृष्ठ का शेष...

न्याय के चार साल : ऋण ...

302 मीट्रिक टन शक्कर का निर्यात भारत सरकार से प्राप्त निर्यात कोटे के अनुसार किया गया। इस निर्यात के फलस्वरूप भारत सरकार से राज्य को 10448 रूपए प्रति मीट्रिक टन की मान से 14.95 करोड़ रूपए की सब्सिडी स्वीकृत हुई।

मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में शुरू की गई किसान न्याय योजना से गन्ना किसानों को भी जोड़ा गया। प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए न्याय योजना के अंतर्गत 93.75 रूपए प्रति क्विंटल की मान से 34,292 किसानों को 74.24 करोड़ रूपए भुगतान किया गया। इस प्रकार प्रदेश में गन्ना किसानों को गन्ना पेराई सीजन 2019-20 में 355 रूपए प्रति क्विंटल के मान से गन्ना का मूल्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2020-21 में 79.50 रूपए प्रति क्विंटल की मान से 84.85 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार द्वारा सहकारी अधिनियम का संशोधन एवं सरलीकरण किया गया है। सहकारी सदस्यों के हित में प्रावधान संशोधित किए गए हैं। सहकारी समितियों के पंजीयन के लिए न्यूनतम आवश्यक सदस्यों की संख्या 20 से घटाकर 10 की गई है। सहकारी समितियों के पंजीयन की अवधि 90 दिवस से घटाकर 45 दिवस किया गया है। सहकारी समितियों की उपविधियों में संशोधन की अवधि 60 दिवस से घटाकर 45 दिवस कर दिया गया है। न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए संभागीय संयुक्त पंजीयकों को प्रथम अपील के अधिकार दिए गए हैं। अधिनियम संशोधन के पूर्व सम्पूर्ण राज्य के प्रथम अपील के प्रकरण पंजीयक द्वारा सुने जाते थे, जिससे दूरस्थ अंचल के संस्थाओं के जुड़े कृषक सदस्यों को कठिनाई होती थी। संशोधन से किसानों को उनके नजदीक सुलभ न्याय दिलाया जाना सुनिश्चित कराया गया है।

रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय वन...

संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसी प्रकार से खिलाड़ियों एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्था, एयरपोर्ट पर ट्रांसफर डेस्क की व्यवस्था और मैच हेतु भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की एस.ओ.पी. के तहत आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान तमाम प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में प्रस्तावित कार्य दायित्व के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती रेणुजी पिल्ले, लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, खेल एवं राजस्व सचिव श्री एन.एन.एक्का, कलेक्टर रायपुर श्री सर्वेश्वर दयाल भूरे, नगर निगम कमिश्नर श्री मंयक चतुर्वेदी, आईजी रायपुर श्री अजय यादव, संचालक नगरीय प्रशासन श्री अयाज तम्बोली, खेल संचालक श्रीमती श्वेता सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि सहित परिवहन, स्वास्थ्य, एयरपोर्ट आथारिटी, जनसम्पर्क, पर्यटन, संस्कृति सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय पुरस्कार ...

आयोग के 'मोर मयारू गुरूजी' कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को बाल अधिकारों की रक्षा के लिए खेल एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से रोचक तरीके से अध्ययन-अध्यापन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कार्यक्रम को रोचक तरीके से डिजाईन किया गया है। इसकी अवधि मात्र 2 से 3 घण्टे ही रखी गई है, जिससे शिक्षक इसे आसानी से ग्रहण कर सकें। आयोग का यह मानना है कि एक शिक्षक और बच्चे का संबंध 5 वर्ष से 12 वर्ष तक रहता है और इस बीच शिक्षक के व्यक्तित्व का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए बाल अधिकार सहित शिक्षकों द्वारा बच्चों से वार्तालाप करते समय और पढ़ाते समय किन बातों पर जोर देना है और किन कमियों को सुधारना है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

क्रमांक/1168/लो.नि.वि./न.पा./2022-23 — सक्ती, दिनांक 16/12/2022

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद सक्ती में निर्माण कार्यों के लिए प्रचलित लोक निर्माण विभाग एस.ओ.आर. 01.01.2015 रोड एवं बिल्डिंग एस.ओ.आर. दर पर निविदा प्रपत्र ''अ'' में त्रि-लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 04.01.2023 समय 05.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि :- 09.01.2023 समय 05.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 16.01.2023 समय 03.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 16.01.2023 समय 04.00 बजे

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य
01	वार्ड क्र. 18 स्टेशनपारा आत्मानंद स्कूल छात्राओं हेतु मूत्रालय/शौचालय निर्माण कार्य	4.00	4000	750
02	वार्ड क्र. 01 में छतदार चबुतरा निर्माण कार्य	3.40	4000	750
03	वार्ड क्र. 01 कम्युनिटी हॉल में पोताई कार्य	5.45	6000	750
04	नगर पालिका परिषद सक्ती में सामुदायिक भवन निर्माण (वार्ड क्र. 11 देवांगन धर्मशाला के प्रथम तल में)	10.00	10000	750

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में पी.डब्ल्यू.डी. शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। शेष शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

टीप :- यदि नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की कार्यवाही संपादित नहीं होती है, तो आगामी दिवस की सूचना पृथक से जारी किया जावेगा।

'' नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें, जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं ''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सक्ती

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के गौरवपूर्ण उत्थान का पर्व

न्याय, प्रगति, समता, समृद्धि की चार वर्षों की सफल यात्रा

4 खुशहाल साल

छत्तीसगढ़

गौरव दिवस

17 दिसंबर

छत्तीसगढ़िया सरकार के
4 साल

- देश में **सबसे कम** बेरोजगारी दर
- **15 हजार करोड़ रु** की आदान सहायता से किसानों और आर्थिक तौर पर निःशक्तजनों का सशक्तीकरण
- **2 लाख से ज्यादा** बच्चे कुपोषण से मुक्त
- **1.11 लाख** स्त्रियों ने एनीमिया पर विजय पाई
- **90 लाख से ज्यादा** लोगों के घर पर गुणवत्तापरक और मुफ़्त चिकित्सकीय सुविधा
- **2,218** नई औद्योगिक इकाईयां
- **21,457** करोड़ रुपए का निवेश
- **247** आधुनिक विद्यालयों में **2.50 लाख** विद्यार्थियों का प्रवेश
- **6** नए जिलों, **77** नई तहसीलों और **19** अनुभागों से प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण
- देश में कुल वनोपज उत्पादन में **74%** की हिस्सेदारी
- आवश्यक सरकारी दस्तावेजों की घर पहुँच सुविधा

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद : 34947

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

4 खुशहाल साल

बिजली बिल में आधी रियायत महंगाई में भी हो रही बचत

42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को
अब तक **3,236 करोड़ रु से ज्यादा** की रियायत

---

6 लाख से ज्यादा किसानों को सिंचाई
के लिए बिजली पर **10,400 करोड़ रु** की राहत

---

17 लाख बीपीएल परिवारों को
1,973 करोड़ रु की छूट

संवाद : 34699



Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in